दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 15 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 147 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के लिए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गले की हड्डी बन गए है। न निगलते बन रहा है और न उगलते। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के मामले में सीबीआई ने तेजस्वी यादव के खिलाफ चार्ज शीट दाखिल की है। उनसे इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। बिहार विधानसभा का मानूसन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। गुस्से में सुशासन बाबू ने बर्बर लाठी चार्ज करा दिया। नीतिश बाबू पर सटीक बैठता है यह शेर- इब्तिदाए इश्क है रोता है क्या, आगे आगे देख होता है क्या।

### //-- सुविचार --//

**उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं।**

### जनसंख्या

विश्व : 8,044,204,916

भारत : 1,422,102,990

### बाजार

सेंसेक्स : 66,060.90

निफ्टी : 19,564.50

गोल्ड : 55,930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 70,868 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.55 प्रति नग

### प्रदेश का मौसम

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 34.0 | 26.6 |
| बिलासपुर | 35.4 | 27.5 |
| जगदलपुर | 31.8 | 22.9 |
| अंबिकापुर | 32.0 | 25.5 |

### आज का दिवस

#### मासिक शिवरात्रि

जिस प्रकार सावन माह में सोमवार व्रत का महत्व है उसी प्रकार सावन शिवरात्रि का भी विशेष महत्व है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। सावन माह में उस दिन सावन शिवरात्रि मनाई जाती है। मान्यता है कि सावन माह में शिवरात्रि का व्रत करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि के साथ भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी मिलता है। लेकिन इस साल सावन शिवरात्रि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है।

श्रावण मास का हर दिन शिव पूजा के लिए समर्पित है, लेकिन श्रावण शिवरात्रि का सभी को इंतजार रहता है। श्रावण शिवरात्रि श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष अधिक मास होने के कारण सावन की दो शिवरात्रि मनाई जाएंगी।

# मरकाम ने ली मंत्री पद की शपथ, आज दीपक लेंगे चार्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** शुक्रवार को राजभवन में मोहन मरकाम ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में सीएम भूपेश बघेल के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी मौजूद रहे। बता दें कि चार दिन पहले कांग्रेस हाईकमान ने मोहन मरकाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया था। इसके बाद बस्तर सांसद दीपक बैज को पीसीसी चीफ की कमान सौंपी गई। मरकाम को हटाने के बाद प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने गुरूवार को इस्तीफा दे दिया था। अब संभावना है कि मोहन मरकाम को स्कूल शिक्षा विभाग मिलेगा।

### टेकाम को कैबिनेट मंत्री का दर्जा

प्रेमसाय सिंह टेकाम को राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मरकाम के शपथ ग्रहण के बाद सीएम हाउस में मंत्रियों की एक बैठक रखी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये बैठक ली है, जिसमें मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, गुरु रूद्रकुमार, शिव डहरिया और कवासी लखमा मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि विभागों के फेरबदल को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई है।

### दोपहर 3 बजे लेंगे पदभार

बस्तर सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक बैज ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। दिल्ली स्थित आवास में भेंट कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। दीपक बैज आज दोपहर 1.45 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे और दोपहर 3 बजे राजीव भवन में पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल, निर्वतमान प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

# चंद्रयान-3 चला चांद पर

## 40 दिन बाद चांद की दक्षिणी ध्रुव पर करेगा लैंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का लोहा पहले से ही पूरी दुनिया मानती आ रही है। एक बार फि र भारत अपनी धाक दुनिया पर जमाने की तैयारी कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था (इसरो) 14 जुलाई को अतंरिक्ष में ऐसा कारनामा किया जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। अगर भारत इस मिशन में सफ ल लैंडिंग कराने में कामयाब हो जाता है तो उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा जिन्होंने अंतरिक्ष में नया अध्याय लिखा है। इसरो मिशन चंद्रयान के तहत चंद्रयान-3 लॉन्च कर दिया है, जो चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर उतर कर भारत का तिरंगा फ हराएगा। भारत, चांद को मुठ्ठी में भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। चंद्रयान-3 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा में स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी पूरे भारतवासी बने। चंद्रयान-3 की लॉन्चिग इसरो की वेबसाइट पर लाइव देखें गए। इसरो के चीफ एस सोमनाथ ने चंद्रयान-3 को लेकर कहा कि, यह लॉन्च होने के बाद पृथ्वी की कक्षा में जाएगा फि र इसके बाद धीरे-धीरे चंद्रमा की ओर आगे बढ़ेगा। सोमनाथ ने आगे कहा कि, उम्मीद कर रहे हैं कि सब ठीक रहेगा तो 23 अगस्त या उसके बाद किसी भी दिन चांद पर लैंड कर सकता है।

### 40 दिन का करेगा सफर तय

चंद्रयान-3 स्पेसक्राफ्ट के तीन लैंडर/रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। करीब 40 दिन बाद, यानी 23 या 24 अगस्त को लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे। ये दोनों 14 दिन तक चांद पर एक्सपेरिमेंट करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा के ऑर्बिट में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स की स्टडी करेगा। मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि लूनर सरफेस कितनी सिस्मिक है, सॉइल और डस्ट की स्टडी की जाएगी।

### अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की सक्सेसफुल लॉन्चिंग के बाद इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय बताया। उन्होंने ये भी कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करता हूं। वहीं छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने चंद्रयान-3 के सफ ल प्रक्षेपण पर ट्वीट कर इसरो सहित सभी देशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत, समर्पण और भारत की शक्ति का प्रमाण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इसरो सहित सभी देशवासियों को बधाई। आज हमारे वैज्ञानिकों ने हम सब का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

# सिसोदिया की सभी याचिकाओं पर ईडी-सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस में शुक्रवार को ईडी और सीबीआई मामलों में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को नोटिस जारी कर 14 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां मामले की सुनवाई कर रही है। बेंच ने कहा कि 28 जुलाई को एजेंसियों के जवाब सुनने के बाद सिसोदिया की याचिका पर विचार करेंगे।

सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि आम तौर पर अदालत नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करती, लेकिन यह अन्य कारणों से नीति बनाने का मामला है। सिसोदिया की ओर से कोर्ट में पेश हुए सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- मेरे मुवक्किल पर जो आरोपों लगे हैं, उससे जुड़े कोई सबूत नहीं हैं। सिसोदिया की पत्नी बीमार हैं, ऐसे में उन्हें अंतरिम जमानत मिलनी चाहिए। जिससे वो अपनी पत्नी से मिल सकें। जस्टिस खन्ना ने कहा- हमें सिसोदिया की बीमारी के बारे में पता है। हम यह भी जानते हैं कि उनकी बीमारी तेजी से बढ़ रही है। सिंघवी की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पहले मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तारीख तय कर दी थी। सिसोदिया के वकील ने कोर्ट से मामले की सुनवाई जल्दी करने की अपील की। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 28 जुलाई तय की है।

# लाठीचार्ज के विरोध में बीजेपी का राजभवन मार्च

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। आज मानसून सत्र का पांचवा और आखिरी दिन था। आखिरी दिन भी विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इस बीच बीजेपी विधायकों ने राजभवन तक मार्च निकाला। सम्राट चौधरी के साथ कुछ भाजपा नेता राजभवन के अंदर गए। बीजेपी नेता राज्यपाल को कल हुए लाठीचार्ज और बीजेपी कार्यकर्ता की मौत को लेकर ज्ञापन सौंपा। बीजेपी सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग कर रही है। बीजेपी नेता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### सदन शुरू होते ही स्थगित

इससे पहले सुबह सदन की कार्यवाही महज 4 मिनट चली। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायकों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विधायक संजय सिंह टेबल पर चढ़ गए। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने विधायक को मार्शल से बाहर निकलवा दिया। विधायक संजय ने कहा कि यह मार्शल आउट नहीं है। मुझे चोट पहुंचाया गया है।

# चुनावी बॉन्ड की अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म करेंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी करार देते हुए कहा है कि पार्टी इसका लगातार विरोध करती रही है और सत्ता में आने के बाद वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली इस अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म कर देगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से पार्टियों को दिए जाने वाले चंदे की पहले की पारदर्शी व्यवस्था को अब खत्म कर दिया गया है। नयी व्यवस्था के तहत अब किसी कंपनी, व्यक्ति या संगठन से किसी राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे की सीमा हटा दी गई है। किस दल को किस कंपनी ने कितना चंदा दिया है इस बारे में अब कहीं कोई पूछताछ नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिये दो वित्त वर्षों में एक पार्टी के खाते में 5200 करोड़ रुपए आये। यह पैसे कहां से आया और किसने दिया, इसका कहीं कोई हिसाब किताब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# शिंदे पर भारी पड़े 'पवार'

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद का विस्तार आखिरकार कर दिया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के बीच कई दिनों से चल रही मैराथन बैठकों के बीच शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, अजित पवार को वित्त और योजना विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छगल भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है। दिलीप वाल्से पाटिल को सहकारिता, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास, धनंजय मुंडे को कृषि और हसन मुशरीफ को स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। बता दें कि कृषि मंत्रालय पहले मुख्यमंत्री शिंदे के पास था। इसके अलावा भाजपा नेताओं के पास स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल मंत्रालय थे।

# टीएस सिंहदेव को ऊर्जा और ताम्रध्वज को मिला कृषि मंत्रालय

**रायपुर/नवप्रदेश।** भूपेश कैबिनेट के मंत्रियों के विभागों में बड़ा बदलाव किया गया है। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को ऊर्जा विभाग और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को कृषि मंत्रालय दिया गया है। वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पशु पालन, मछली पालन विभाग को भी दिया गया है। पहले ये विभाग मंत्री रविंद्र चौबे संभाल रहे थे, लेकिन उनके स्वास्थ्यगत कारणों से ये विभाग ताम्रध्वज साहू को दिया गया है। दूसरी ओर रविंद्र चौबे को डॉ. प्रेमसाय सिंह का विभाग मंत्रालय और सहकारिता विभाग का दायित्व सौंपा गया है। पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। ऊर्जा विभाग की जिम्मेजारी खुद सीएम भूपेश बघेल संभाल रहे थे, अब इसका दायित्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को दिया गया है। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस संगठन में फेरबदल जारी है। पहले टीएस सिंहदेव की उपमुख्यमंत्री के रूप में ताजपोशी की गई तो वहीं मोहन मरकाम को पीसीसी चीफ के पद से हटाकर मंत्रालय में जगह दी गई है। वहीं प्रेमसाय सिंह टेकाम से इस्तीफा लेकर अब उन्हें राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

### गरमा-गरम

**कटाक्ष...** कांग्रेस में सत्ता और संगठन में बदलाव पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ओपी माथुर का बड़ा बयान

# जब भय घर कर जाता है तो ऐसा ही होता है...अभी तो बहुत कुछ बदलेगा : माथुर

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस में संगठन से लेकर सत्ता तक में की गई बड़ी फेरबदल पर बीजेपी का चुटकी लेना बदस्तूर जारी है। आज फि र अपने छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे बीजेपी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कांग्रेस में पीसीसी चीफ से लेकर मंत्री के इस्तीफा और करप्शन पर प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा बयान दिया। श्री माथुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, जब भय पैदा होता है...तभी फेरबदल किया जाता है। साथ ही कहा कि, जिस तरह से भाजपा के कार्यक्रम सफ ल हो रहे हैं। जनता तक हम पहुंच रहे हैं, उसी तरह आगे भी हमारे कार्यक्रम होते रहेंगे। यही वजह है कि, कांग्रेस में डर पैदा हो गया है, इसलिए आगे भी फेरबदल होते रहेंगे।

### बीजेपी नेताओं की ली बैठक

प्रदेश प्रभारी और अब चुनाव प्रभारी बना दिए गए ओम माथुर रायपुर में स्थानीय नेताओं की देर शाम एक बैठक ले ली। केंद्रीय नेतृत्व से लगातार मिल रहे फ ीडबैक के आधार पर प्रदेश भाजपा अपनी रणनीति में बदलाव कर रही है। आक्रामक तरीके से कांग्रेस को घेरने की तैयारी है, इसे लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को की गई। पहली बैठक आरोप समिति की ली गई। जिसमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर समेत समिति के सदस्य शामिल थे।

### मेरा लक्ष्य, अंतिम कार्यकर्ता से मुलाकत करना

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि, चुनाव से पहले एक-एक कार्यकर्ताओं से फेस टू फेस मुलाकात करूंगा। आज घोषणा पत्र समिति के प्रमुख लोगों से चर्चा करूंगा और कल घोषणा पत्र समिति की बैठक लेने वाला हूं। संगठन की प्रक्रियाओं के तहत लगातार मेरा दौरा छत्तीसगढ़ में रहेगा।

### ओपी चौधरी बोले कांग्रेसी सत्ता खिसक रही

कांग्रेस में चुनाव के 4 महीने पहले मंत्रियों को बदलने को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, बस्तर से सरगुजा तक कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी है। इसलिए आखिरी वक्त पर जनता को दिखाने के लिए ऐसा खेल खेला जा रहा है। लेकिन जनता इनकी चालों को समझ चुकी है। अब कांग्रेस क्या पछताएगी...जब चिड़िया चुग गई खेत...!

# संपादकीय

## बिहार पुलिस की बर्बरता

बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इन दिनों इस कदर पशोपेश में पड़े हुए है कि उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि वे क्या करें। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नाम रेलवे में नौकरी के बदले जमीन हथियाने मामले में आ गया है। उनके खिलाफ सीबीआई ने चार्ज शीट दाखिल की है। इस मुद्दे को लेकर बिहार के भाजपा नेता नीतिश कुमार की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके है। पांच दिवसीय बिहार विधानसभा की मानसून सत्र अधिवेशन भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण हो नहीं पा रहा है। विधानसभा में भाजपा विधायक तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए है और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से जवाब मांग रहे हैं। चौथे दिन स्थिति यह आ गई कुछ भाजपा विधायकों को मार्शल के माध्यम से सदन से बाहर करना पड़ा। इसके बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनके आंदोलन से निपटने के लिए मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने पुलिस को आगे कर दिया। पुलिस वालों ने आंदोलन कारी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर इस बर्बरता के साथ लाठी चार्ज किया कि एक भाजपा नेता विजय सिंह की मौत हो गई। भाजपा सांसद जर्नादन मिश्रीवाल को भी लाठी से मारकर घायल कर दिया गया। इसके बाद आक्रोषित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस वालों के खिलाफ भी पत्थर बाजी शुरू कर दी। कुल मिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही से अब बिहार भाजपा में नीतिश कुमार आक्रोष गहरा गया है और अब उन्होंने तो मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से भी इस्तीफे की मांग शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि जब से नीतिश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर राजद के साथ गठजोड़ किया है तभी से बिहार में भाजपा और नीतिश कुमार के बीच वाक युद्ध चल रहा है। जो लगता है कि अब आर-पार की लड़ाई के रूप में तब्दील हो गया है। आंदोलनरत भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ इस तरह का बर्बर लाठी चार्ज निश्चित रूप से निंदनीय घटना है। लोकतंत्र में सभी राजनीति पार्टियों को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने की स्वंत्रता मिली हुई है। इसके बावजूद किसी राजनीतिक आंदोलन को कुचलने के लिए इस तरह का बल प्रयोग की एक नेता की मौत हो जाए और कई घायल हो जाए यह संभवतः पहली बार हुआ है। जाहिर है। नीतिश कुमार के लिए यह घटना बहुत भारी पड़ेगी। वैसे भी बिहार में उनका जनाधार कमजोर होता जा रहा है। उनकी अपनी पार्टी के नेता ही उनकी कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हो रहे हैं। पुराने साथी तो पहले ही साथ छोड़ चुके है। ऐसी स्थिति में नीतिश कुमार के लिए बिहार की राजनीति में आगे की राह आसान नहीं होगी। अब देखना होगा कि बिहार भाजपा के विरोध का वे किस तरह सामना कर पाते हैं।

# विशेष

## गरिमा के विपरीत परिणाम, 11 हजार फेल

प्रदेश के विख्यात पंड़ित रविशंकरविश्वविद्यालय जिसकी गरिमा देश-विदेश में बड़े गर्व नाम लिया जाता है, वह विवि आज अपने गौरवांवित पलों को याद कर शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। आज उसकी दुर्गति और बदहाली का परिणाम यह है कि इस वर्ष घोषित बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में मात्र 26 प्रतिशत विद्यार्थियों उत्तीर्ण होने का सौभाग्य मिला है। शेष 74 प्रतिशत विद्यार्थियों को सेप्लीमेंट्री का भी मौका नहीं मिला। यह विश्वविद्यालयीन शिक्षा के गिरते स्तर को दर्शा रहा है शिक्षक और अभिभावकों की गैरजिम्मेदारी। कुछ समझ में नहीं आ रहा है। अब इस परिणाम के पीछे कारणों पर जाए तो स्थिति और भी भयावह नजर आ सकता है। छात्र-छात्राएं स्कूल से छूटने के बाद एकदम से नए परिवेश कालेज में पहुंचते ही अपने आप को बहुत बड़ा शिक्षार्थी मान लेते है और कालेज जाने के बहाने मॉल और होटलों में टाइम वेस्ट करने लगते है। स्कूल से पहली बार खुली जगह पर अपनी मनमानी करने का मौका समझ लेते है। कालेज में प्रवेश लेते ही हर कोई यही गलती हर विद्यार्थी कर बैठता है। जो विद्यार्थी के भविष्य के साथ शिक्षण संस्थान को दागदार बनाने के जिम्मेदार माने जाते है।12 वीं पास करके कालेज जाने का मतलब पढ़ाई से नाता तोड़ना नहीं बल्कि उससे ज्यादा मेहनत करना है। प्रथम ईयर के छात्रों को यह समझ आना चाहिए । पिछले बार भी बी.काम के 20 प्रतिशत छात्र ही प्रथम ईयर में पास हो पाए थे। क्या समझे कि विवि में शिक्षक पढ़ाते नहीं है, या अभिभावक उनसे पूछते नहीं है कि आज विवि में सर ने क्या पढ़ाया। हम अपनी जिम्मेदारी को विवि के भरोसे छोड़ देंगे तो यही परिणाम आते रहेंगे, इसके लिए तैयार रहे। विवि के प्रथम और व्दितीय ईयर की पढ़ाई में अभिभावकों को भी मानिटरिंग करने की जरूरत है। तभी आपका लाड़ला-लाड़ली परीक्षा उत्तीर्ण कर पाएगी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बीए प्रथम वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। बीए प्रथम वर्ष में 26.67 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण होने में सफल हुए है।लगभग 74 प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण हुए है। इतने बड़े अनुपात में छात्रों के अनुत्तीर्ण होने से शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह उठने लगे हैं। बीए में इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का अनुत्तीर्ण होना गंभीर समस्या है। स्नातक प्रथम वर्ष में किसी भी पाठ्यक्रम 50 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं। बीए प्रथम वर्ष में 23,220 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमें 6,425 छात्र पास और 11,333 छात्र फेल हो गए है। वहीं 5,058 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है। 814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 404 छात्रों के परीक्षा परिणाम रोक दिए गए हैं। कोरोना के समय तीन साल तक सभी पाठ्यक्रमों का परिणाम 90 प्रतिशत से ज्यादा आता था। उस समय आनलाइन परीक्षाएं होती थी, छात्र घर से कापी लिखकर कालेजों में जमा करते थे, जिसके कारण परिणाम भी अच्छा आता था। उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने वाले प्राध्यापकों ने बताया कि कोरोना के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। आनलाइन परीक्षा में भी छात्र ज्यादा नहीं लिखते थे। अपने भाई-बहन से उत्तर-पुस्तिका लिखवाकर जमा करते थे। कापी जांचने के दौरान तीन से चार हैंडराइटिंग में लिखी हुई कापी मिलती थी।

# आज का पंचांग (शनिवार, 15 जुलाई )

| | | |
|---|---|---|
| बृह 11 | 10 सूर्य-शुक्र-शनि | बुध-14 9 |
| 9 | 15 | 13-15 8 |
| 14 राहु | 4 | चन्द्र-केतु 6 |
| मंगल 3 | | 5 |

सूर्योदयः 05:45, सूर्यास्तः 07:19
चन्द्रोदयः 02:53, चन्द्रास्तः 16:46
**अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)**
ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मासः श्रावण, पक्ष :कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्रः मृगशिरा, योग : गण्ड (08:28 से वृद्धि), प्रथम करण : कौलव (06:47 तक), द्वितीय करण : तैतिल (19:17 तक)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**
सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृष, मंगलः सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**
अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:50
अमृत काल 19:02 से 20:44
विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37
गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:39
सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:21
निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43
राहुकाल 9:00 से 10:30
राहुवास दक्षिण-पूर्व
यमगण्ड 15:51 से 17:36
होमाहुति केतु
दिशाशूल पश्चिम
नक्षत्र शूल पश्चिम (22:27 तक)
अग्निवास पाताल (19:17 से पृथ्वी)
चन्द्रवास दक्षिण
शिववास नन्दी पर (19:17 से भोजन में)

**चौघड़िया विचार**
॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - चर 2 - लाभ
3 - अमृत 4 - काल
5 - शुभ 6 - रोग
7 - उद्वेग 8 - चर

**॥रात्रि का चौघड़िया॥**
1 - रोग 2 - काल
3 - लाभ 4 - उद्वेग
5 - शुभ 6 - अमृत
7 - चर 8 - रोग

**नोट**--दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

**नीरज मनजीत**

# प्रगतिशील सोच, उदारवाद और ज्ञान विज्ञान पर सुनियोजित हमला

> *मजहबी उग्रवाद के एंगल से इन दंगों का विश्लेषण किया जाना जरूरी है, क्योंकि यह उन्माद एक ग्लोबल ख़तरे के रूप में हमारे सामने आ खड़ा हुआ है। एक पुलिसमैन की गोली से अल्जीरियाई किशोर नेहाल की मौत लॉ एंड ऑर्डर की सख़्ती का मामला हो सकता है, जिसके लिए तत्काल उस पुलिसमैन को बर्ख़ास्त करके जाँच बिठा दी गई थी। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां ने माफी माँगते हुए इस शूटआउट को अक्षम्य करार दिया था। हालाँकि ज़्यादातर पुलिस संगठनों ने राष्ट्रपति की इस बात से नाइत्तिफाक़ी जताते हुए इसकी ख़िलाफ़त भी की थी। यह अजीब बात है कि इन दंगों को ग़ैरवाजिब न ठहराने की कोशिश में फ्रांस की कम्युनिस्ट पार्टी के कुछ लोगों ने नेहाल को मासूम बताते हुए फ्रांस की समूची व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। मानवीय दृष्टिकोण से नेहाल को सही ठहराने की कोशिशों को ग़लत नहीं माना जा सकता*

हफ़्ते भर से ज़्यादा दिनों तक इकतरफ़ा दंगों की आग में झुलसते फ्रांस में फ़िलहाल अमन क़ायम हो गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह अमन स्थायी साबित होगा। इन दंगों को इकतरफ़ा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि यह दो संप्रदायों के बीच का संघर्ष नहीं था, वरन एक मजहब के उन्मादी कट्टरपंथियों का योजनाबद्ध तरीके से किया गया उपद्रव था। इस अनपेक्षित घटना ने दुनियाभर के प्रबुद्धजनों को जितना विस्मित किया है, उससे कहीं ज़्यादा स्तब्ध और फ़िक्रमंद किया है। ये दंगे उदारवाद, लोकतंत्र, प्रगतिशील सोच और ज्ञान-विज्ञान पर किए गए सुनियोजित हमले हैं। किसी विशेष एजेंडे के पक्ष में लिखने वाले लोगों ने इन दंगों को अमीर-गरीब या श्वेत-अश्वेत के संघर्ष अथवा पार्टियों की राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के नज़रिए से इसकी व्याख्या करके जिम्मेदार मजहबी कट्टरवादियों को कवर देने की कोशिश की है, मगर वे नितांत विफल साबित हुए हैं। यदि भारत में ऐसी कोई घटना होती तो इस नैरेटिव पर यकीन करने वाले बहुत से लोग मिल जाते। इसलिए कि हमारे यहाँ वोट बैंक की राजनीति और राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

दरअसल मजहबी उग्रवाद के एंगल से इन दंगों का विश्लेषण किया जाना जरूरी है, क्योंकि यह उन्माद एक ग्लोबल ख़तरे के रूप में हमारे सामने आ खड़ा हुआ है। एक पुलिसमैन की गोली से अल्जीरियाई किशोर नेहाल की मौत लॉ एंड ऑर्डर की सख़्ती का मामला हो सकता है, जिसके लिए तत्काल उस पुलिसमैन को बर्ख़ास्त करके जाँच बिठा दी गई थी। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां ने माफ़ी माँगते हुए इस शूटआउट को अक्षम्य करार दिया था। हालाँकि ज़्यादातर पुलिस संगठनों ने राष्ट्रपति की इस बात से नाइत्तिफ़ाक़ी जताते हुए इसकी ख़िलाफ़त भी की थी। यह अजीब बात है कि इन दंगों को ग़ैरवाजिब न ठहराने की कोशिश में फ्रांस की कम्युनिस्ट पार्टी के कुछ लोगों ने नेहाल को मासूम बताते हुए फ्रांस की समूची

व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। मानवीय दृष्टिकोण से नेहाल को सही ठहराने की कोशिशों को ग़लत नहीं माना जा सकता। मगर इस घटना की प्रतिक्रिया में एक खास मजहब के हजारों उपद्रवियों ने जिस तरह से पूरे फ्रांस को जलाने की कोशिश की है, उसे कैसे माफ़ किया जा सकता है। फ्रांस के अलावा जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन और स्विट्ज़रलैंड में भी ये आग फैलती दिखाई पड़ी है। ये सभी देश फ्रांस के पड़ोसी हैं। पोलैंड फ्रांस से ज़्यादा दूर नहीं है, किंतु वहाँ इस आग का कोई असर नज़र नहीं आया। वजह थी अप्रवासियों के प्रति पोलैंड सरकार का सख़्त रवैया, जिसके तहत पोलैंड की सीमाएं सील कर दी गई हैं और मजहबी उग्रवादियों के लिए पोलैंड में कोई जगह नहीं है।

इन उपद्रवी उग्रवादियों में सीरिया और मोरक्को के गृहयुद्ध से त्रस्त होकर फ्रांस आए रिफ्यूजियों की तादाद ज़्यादा थी। दंगाग्रस्त शहरों के आसपास उपनगरों में रहने वाले अश्वेत और गरीब अप्रवासी भी इस गुंडागर्दी में शामिल थे। इन सारे लोगों को फ्रांस के संविधान के मुताबिक सरकार से सारे फ़ायदे मिल रहे हैं। इन्हें बसाने का लिए उपनगरीय इलाकों में घर बनाए गए हैं। यह बताने की जरूरत नहीं है कि फ्रांस एक खुले दिलोदिमाग़ का पूरी तरह सेक्युलर प्रगतिशील देश है, जो मानवाधिकारों को संवैधानिक रूप से तरज़ीह देता है। इन्हीं नीतियों के तहत फ्रांस सरकार ने खुले दिल से अरब और अफ्रीकी मूल के रिफ्यूजियों का स्वागत किया था और उन्हें इज़्ज़त से शरण दी थी। उन्हें बसाने के लिए उन्होंने अपनी आव्रजन नीतियों को शिथिल करते हुए उदारवादी रुख अपनाया था। ऐसा उन्होंने विशुद्ध मानवीय संवेदनाओं के आधार पर किया था। किसी वोटबैंक से मिलने वाले थोक वोटों के लिए उन्होंने ऐसा नहीं किया था। भारत में तो वोट के लालच में बिना किसी जाँच के ग़ैरकानूनी तरीक़े से पड़ोसी देशों के गुंडों को बसा दिया जाता है।

फ्रांस जैसे हर सभ्य सेक्युलर प्रगतिशील देश का विचार यही रहता है कि उदारवादी तौर तरीकों से किसी शख़्स की कट्टरवादी उग्रवादी सोच बदली जा सकती है। उसे सभ्य नागरिक के रूप में वैश्विक मुख्यधारा में लाया जा सकता है। मगर अफसोस कि फ्रांस की इन घटनाओं ने उदारवादी लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करके यह जता दिया है कि उनके दिलोदिमाग में मजहबी कट्टरता की जड़ें काफी गहरी हैं। यूरोप का अल्ट्रा लेफ़्टिस्ट ग्रुप भले ही कैसे भी तर्क देकर उन्हें कवर दे रहा हो, पर इन दंगों के बीच फ्रांस की ऐतिहासिक मार्सेली लायब्रेरी को जब इन उपद्रवियों ने आग में झोंका, तो उन्हें पूरी तरह पहचान लिया गया। ये वही 1400 साल पीछे की कट्टर मजहबी मानसिकता है, जो ज्ञान विज्ञान की दुश्मन है और पृथ्वी को गोल न मानकर चपटा मानती है। दुनिया को ज़हालत के अँधेरे में धकेलने की चाहत रखने वाली ये वही मजहबी कट्टरता है, जिसके असर में 1183 ईस्वी में आक्रांता बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय के विशाल पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया था।

अब तो आलम यह है कि मजहबी कट्टरता ने खेलों के इलाक़े में भी कदम रख दिए हैं। पिछले साल दिसंबर में विश्वकप फुटबाल चैंपियनशिप में मोरक्को ने जब पुर्तगाल को हराकर सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई थी, तो ऐसे ही लोगों ने इसे एक ख़ास मजहब की जीत बताकर ज़हर घोलने की कोशिश की थी। पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई विषवमन के इस खेल में सबसे आगे थी। जब सेमीफ़ाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को हरा दिया, तो मोरक्को के समर्थक हिंसा करने और भड़काने पर उतारू हो गए थे। दो साल पहले दुबई में विश्वकप क्रिकेट के दौरान भारत पर पाकिस्तान की जीत को वहाँ के एक वज़ीर ने मजहबी जीत बताकर ज़हर फैलाया था।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### अब जो झुर्रियां बनते देर नहीं होगी

अब जो झुर्रियां बनते देर नहीं होगी मोह को यूं आम न करो सब कुछ तो समय के गाल के समक्ष मोह रौंदे खड़ा हैं। तुम ही एहसास ए शाम हो तुम ही सुबह हो।

**सोनू कुमार आकाश**

### आज भी तुमसे जुड़ती है सांसे तेरे

आज भी तुमसें जुड़ती है साँसे तेरे नाम पर ही रुकती है साँसे ख्वाहिशों के ख्यालों से गुज़रां में हर कल से तेरे साथ के लिए मचलती है साँसे कि जिंदगी के हर मोड़ पर मोहब्बत ने किया तेरा सज़दा एहसासों के दरीचे में मेरी वफ़ा का घर है....!!

**नंदिता तनुजा**

**ख़ास पाती**

### नभ धो ले चाहे आंसुओं

नभ धो ले चाहे आंसुओं से,आहो !से तुफान उठा ले, दिवारे कंपा दे चीखो से चाहे मौन से हवाये थमा दे। अंजुरी में ना पाएगा कर्मफल से तनिक भी ज्यादा, कुकर्मो के जालो से पन्छी कब तलक बच पायेगा। दया,क्षमा,सहयोग,राष्ट्र प्रेम ही पश्चाताप बतलायेगा, धीरे धीरे ही सही माँझी पर मंजिल को पा जायेगा। आशाओं के दीप को जो राही पसीने से जलायेगा, मछुआरा भी जालो में तुम्हे कब तक फाँस पायेगा। तुफान काट पतवारो से माँझी किश्ती खींच लायेगा, अमावास से पूनम तक इन्दु हँस कर पहुँच जायेगा।

**इंदू वत्स**

### तुम्हारी हो दया मुझ पर हृदय

तुम्हारी हो दया मुझ पर हृदय का फूल खिल जाये। बहे यूं भक्ति की धारा, कि जीवन धन्य हो जाये। सभी हैं कर रहे वन्दन धरा ये चाँद औ' तारे। बहे यूं प्रेम की गंगा कि जग ही तीर्थ हो जाए। **मा आनंद प्रदीपा**

### आसमान में कड़के बिजली घन

आसमान में कड़के बिजली घन बरसे पूरे ही महीना, पेड़ों पर छाई हरियाली सावन है बारिश का महीना। रिमझिम रिमझिम सावन आया चातक, मोर, पपीहा लाया, टर्र- टर्र करता दादुर भी सँग में उछल-उछल कर आया। सौंधी मिट्टी की खुशबू है चारों तरफहै फूल, सावन में शँकर पूजन को जाएँ कैसे भूल। राखी का त्यौहार है इसमें भाई-बहन का प्यार है जिसमें छोड़ें कोई कमी ना सावन है बारिश का महीना।

**जे डी कुदाल**

### कुछ उदास सा था मन, सोचा

कुछ उदास सा था मन, सोचा क्या करू, जो कुछ हल्का सा महसूस हो, फिर ख्याल तेरा आया, और सोचा करू गुफ्तगू तेरी, पर करू भी तो किसे, न था कोई भी मेरी जुबान समझने वाला, ना ही था भरोसा सा कुछ, किसी सख्स पर, जो समझे मेरे जज्बात, जो थे मेरे दिल में तेरे लिए, फिर ख्याल आया की करू तुझसे ही गुफ्तगू, पल भर के लिए। **नमन कुमार मिश्रा**

### सावन आय गयो सगरे, बरसात



सावन आय गयो सगरे,बरसात भई मन भींग न पाये। बूंद गिरे तन पे हमरे, तन शीतल है हिय आग लगाये। भूल कु बैठ गये परदेश, कहो कभु मोरि न याद सताये। हार गले पहिनाव पिया, सजनी तुम्हरी अब रोइ बुलाये। **शोभा किरण**

### ये वक्त भी कारीगर सा ही है

ये वक्त भी कारीगर सा ही है, ताराशता है हर शख्सियत को, सह लेता है जो इसके हथौड़े की मार, सुंदर सा कुछ नया उभर कर आता है। ये वक्त जौहरी सा भी है, हीरे और काँच की पहचान कराता है। सदियों से जो साथ चल रहे थें, कौन कितना अपना पराया है बताता है। बात बस इतनी पते की है, जीवन में इनका ठहराव नही होता है। फिर अच्छे वक्त पर अभिमान कैसा? बुरे वक्त में उदासी कैसी? **मोनिका अध्या**

### प्रलय आती है तो आने दो, आती

प्रलय आती है तो आने दो, आती ही है नित्य प्रलय खंड प्रलय और पूर्ण प्रलय जो भी आए आ जाए स्वागत है। बिना जाने अग्नि का संधान तुमने ही किया है। उपांशु जप/मानसिक जप को रिकार्ड की तरह तुमने ही बजाया है। क्यों डरते हो? नहीं समझोगे बहुत ज्ञान है तुम्हारे पास आनन्द आएगा प्रकृति में शिव तांडव नृत्य देख। **नवीन शंकर शर्मा**

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय और विश्व इतिहास में 15 जुलाई की घटनाएं इस प्रकार हैः- 1611- आमेर के राजा और मुगल साम्राज्य के वरिष्ठ सेनापति जयसिंह का जन्म। 1795- 'ला मारसेइलेसी' को फ्रांस का राष्ट्रीय गान घोषित किया गया। 1840- शिक्षाविद, ग्रन्थकार और सांख्यिकीविदअंग्रेज अधिकारी विलियम विलसन हन्टर का जन्म। 1883- प्रसिद्ध भारतीय व्यवसायी जमशेद जी जीजाभाई का जन्म। 1885- आधुनिक केरल प्रदेश के प्रमुख नेता का जन्म। 1903- भारत रत्न सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. कामराज का जन्म। 1904- अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना। 1909- आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता दुर्गाबाई देशमुख का जन्म। 1916- दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग शुरू हुई। 1925- प्रसिद्ध अभिनेता, नाटककार, निर्देशक और रंगमंच के सिद्धांतकार बादल सरकार का जन्म। 1926- बॉम्बे (अब मुंबई) में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत हुई।

# QUIZ TIME

1) त्रिपुरा टूरिज्म के ब्रांड एंबेसडर किसे बनाया गया?
2) राष्ट्रमंडल दिवस 2023 की थीम क्या है?
3) मांसपेशियों में किस अम्ल के एकत्रित होने से थकावट आती है?
4) कौन-सा आईआईटी तंजानिया में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय परिसर स्थापित करेगा?
5) किस त्यागराजर मिल्स लिमिटेड के अध्यक्ष का हाल ही में निधन हो

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सौरव गांगुली (2) एक सतत और शांतिपूर्ण साझा भविष्य का निर्माण (3) लैक्टिक अम्ल (4) आईआईटी मद्रास (5) करुमुत्तु टी कन्नन

# आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन कुछ ना कुछ अभाव के बाद भी संतोषजनक रहेगा। लेकिन महिलाए किसी भी बात को लेकर घर का वातावरण अशान्त बनाएंगी।
**वृष :** आज के दिन आप अपनी ही धुन में रहेंगे। मन की ज्यादा सुनेंगे और करेंगे भी वैसा ही किसी का कार्यो में दखल देना कुछ ज्यादा ही अखरेगा जरासी बात पर नाराज हो जाएंगे।
**मिथुनः** आज आपका व्यवहार पल-पल में बदलने से संपर्क में रहने वालों को परेशानी आएगी आप कहेंगे कुछ करेंगे उसके विपरीत ही।
**कर्क :** आज का दिन लाभदायक रहेगा कार्य क्षेत्र पर आज आपसे प्रतिस्पर्धा करने वाले बहुत रहेंगे फिर भी अपने हिस्से का लाभ थोडे बौद्धिक परिश्रम से प्राप्त कर लेंगे।
**सिंह :** आज का दिन आपके लिये सिद्धि दायक रहेगा कोई भी कार्य करने से पहले उसके विषय मे बारीकी से अध्ययन करें आज थोड़े से परिश्रम से बड़ा कार्य पूर्ण कर सकेंगे।
**कन्या :** आज का दिन संभावनाओं पर ज्यादा केंद्रित रहेगा। परिश्रम करने में कमी नही रखेंगे फिर भी सफलता असफलता संपर्क में रहने वालों पर निर्भर रहेगी।
**तुलाः** आज का दिन शारिरिक दृष्टिकोण से विपरीत रहेगा दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी सहयोग मिलने पर भी अधिकांश कार्य समय पर पूरा नही कर सकेंगे।
**वृश्चिक :** आपके लिये आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा आज दिन का आरंभिक भाग परिवार में मतभेद के कारण थोड़ा उदासीन रहेगा।
**धनु :** आज के दिन आपमे धैर्य की कमी रहेगी। किसी भी कार्यो को लेकर पहले लापरवाही करेंगे बाद में उसे जल्दबाजी में करने पर कुछ ना कुछ कमी रह जायेगी।
**मकरः** आज का दिन बौद्धिक कार्यो से सफलता दिलाएगा सामाजिक क्षेत्र अथवा गृहस्थ में आपके महत्त्वपूर्ण सुझाव मिलने से किसी ना किसी के जीवन को नई दिशा मिलेगी।
**कुंभः** आज का दिन आपके लिये कलहकारी रहेगा दिन के आरंभ से ही इससे बचने का प्रयास करेंगे लेकिन परिजन आज आपकी गलतिया खोज खोज कर गिनाएंगे आपने जो गलती की ही नही उसपर भी ताने सुनने को मिलेंगे।
**मीन :** आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगा लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलेगा। आज अधिकांश कार्य किसी अन्य पर निर्भर रहने के कारण अधूरे रह सकते है जोर जबरदस्ती करने पर हानि ही होगी।

# वर्ग पहेली

## शब्द सामर्थ्य -125

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 124 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| म्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# अमृत सरोवर योजना के तहत नए तालाबों का करें निर्माण : सोनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** सांसद सुनील सोनी के अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकल शर्मा, रायपुर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंन्द्र भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर जयंत नहाटा उपस्थित थे। बैठक में सांसद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत अमृत काल में आने वाली पीढ़ियों के लिए नई जल संरचना विकसित करना है। इस अवधि में जिले के विभिन्न भागों में नए वाटर बाडी जैसे नए तालाबों का निर्माण किया जाए और पुराने तालाबों को भी संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत् कौशल उन्नयन के कार्य किए जाए और आजीविका के अवसरों में बढोत्तरी कर शहरी और ग्रामीण गरीबी को कम किया जाए। साथ ही वन डिस्ट्रीक वन ब्रांन्ड के तर्ज पर क्षेत्रवार कौशल-कला का विकास करें। श्री सोनी ने जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत मंजूर किए गए कामों की सतत मॉनिटरिंग-समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहुलियत के लिए स्वीकृत किए गए विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि बूढ़ातालाब के चारों ओर पाथवे को दुरूस्त करते हुए जल्द पूर्ण करें। ताकि आमजनों को राहत मिलें। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा के जल जीवन मिशन के तहत दिए नल कनेक्शन में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें और पाईप लाइनों की गुणवत्ता बनाए रखें। श्री अग्रवाल ने शाला प्रबंधन समिति की निरंतर बैठक कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इस पढ़ाई और शासकीय विद्यायलों के प्रबंधन में गुणवत्ता आएगी।

# रायपुर आ रहे यूपीएससी के टॉप रैंकर्स

**रायपुर/नवप्रदेश।** यूपीएससी परीक्षा क्रेक करने का सपना देखने वाले छत्तीसगढ़ के परीक्षार्थियों के लिए 21 जुलाई का दिन विशेष होने वाला है। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को इस दिन यूपीएससी की सिविल सर्विसेस परीक्षाओं के टॉपर्स से मिलने, बात करने का सुनहरा मौका मिलने वाला है। 21 जुलाई को यूपीएससी परीक्षा में पहले तीन स्थानों पर चयनित टॉपर्स रायपुर आ रहें है।

यूपीएससी की 2022 सिविल सेवा परीक्षा की टॉपर इशिता किशोर के साथ सेकेण्ड टॉपर गरिमा लोहिया और नौवाँ स्थान प्राप्त करने वाली कनिका गोयल भी रायपुर आ रहीं हैं। 2022 की परीक्षा में 17वीं रैंक पाने वाले अविनाश कुमार, छत्तीसगढ से सर्वोच्च रैंक पाने वाले अभिषेक चतुर्वेदी और 2021 की परीक्षा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित प्रखर चंद्राकर भी इन टॉपर्स के साथ रहेंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने इस बारे में बताया कि जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर आईएएस, आईपीएस जैसे पदों पर चयनित होने की इच्छा रखने वाले परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 21 जुलाई को टॉपर्स टॉक आयोजित की जा रही है। दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से होने वाली इस टॉपर्स टॉक में स्थानीय प्रतियोगियों को चयनित टॉपर्स से यूपीएससी क्रेक करने की टिप्स मिलेंगी। यूपीएससी की सिविल सर्विसेस परीक्षा को क्रेक करने के लिए पढ़ने के तरीके, पढ़ने का सिलेबस, समय प्रबंधन, दैनिक दिनचर्या से लेकर मनोरंजन, खाने पीने से लेकर अन्य सभी विषयों पर टॉपर्स के सुझाव स्थानीय प्रतिभागियों को मिलेंगे। डॉ. भुरे ने बताया कि टॉपर्स टॉक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना है।

राजधानी रायपुर में इस टॉपर्स टॉक से यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए माहौल निर्मित होगा और अधिक से अधिक युवा इन परीक्षाओं के लिए आकर्षित होंगे।

## पत्रकार महासंघ का शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह 16 को

**रायपुर/नवप्रदेश।** पत्रकार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह और राजधानी सहित प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह 16 जुलाई को महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कालेज समता कालोनी में आयोजित किया गया है। शपथ एवं सम्मान समारोह के मुख्यअतिथि संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, अध्यक्षता सुनील कुमार यादव प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार महासंघ, विशिष्ट अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, जगनीक यादव, प्रदेश अध्यक्ष झेरिया यादव समाज होंगे। कार्यक्रम के आयोजन समिति में संरक्षक विश्व प्रकाश शर्मा, रमेश बेहरा, अ.हमीद,देवकरण मरकाम, निहारिका श्रीवास्तव, अमरदास चेलकर, प्रताप नारायण बेहरा, वली अहमद आजाद एवं समस्त पदाधिकारी है। पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले यह प्रथम आयोजन पत्रकारों को संगठित करने के उद्देश्य से शपथ और सम्मान समारोह आयोजित किया है, जो अपने नाम के अनुरूप ही प्रदेश के सभी पत्रकार साथियों को जोड़कर एक महासंघ के रूप में स्थापित करेगा।

# 17 सिटी बसों को बेचने प्रशासन ने लिया निर्णय

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर जिला शहरी सार्वजनिक सर्विस सोसाईटी की साधारण सभा की बैठक कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में रायपुर जिला शहरी सार्वजनिक सर्विस सोसाईटी के द्वारा संचालित सिटी बसों के संबंध में चर्चा हुई। बैठक मे बताया गया कि वाहन कम्पनी द्वारा अधिकृत डीलर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कुल 17 सिटी बसों के स्पेयर्स पाट्र्स आसानी से उपलब्ध न होने से मरम्मत नहीं होने की जानकारी दी गई है। साथ ही यह भी बताया गया है कि स्पेयर्स पाट्र्स उपलब्ध होने पर भी प्रतिवर्ष अतिरिक्त व्यय आएगा। अतएव समस्त 17 बसों को सिटी बसों के रूप मे चिन्हित मार्ग में संचालन हेतु नहीं माना गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि वाहन की वर्तमान औसत आयु 07 वर्ष की हो चुकी है जबकि शासन के नियमानुसार डीजल चलित वाहन को 15 वर्ष तक संचालित किए जाने का प्रावधान है। अतः उक्त बसों को स्क्रैप न करते हुए मूल्यांकन कराने के पश्चात् बेचने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवतियों के कौशल उन्नयन के लिए नवगुरूकुल फाउंडेशन पर चर्चा हुई। जिसके अनुसार यह निर्णय लिया गया कि बेरोजगारी भत्ते से ही चिन्हित छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्राओं को रूकने तथा प्रशिक्षण हेतु चिन्हित भवनों या हॉस्टल में किए जाने सोसायटी मद से किए जाने की स्वीकृति दी गई।

## शिवांश इंटरनेशनल स्कूल ने कौशल महोत्सव में जमाया रंग

**रायपुर/नवप्रदेश।** काठाडीह स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कृष्णा ललित कला महाविद्यालय व कृष्णा पब्लिक स्कूल डुंडा की सहभागिता से आयोजित नेशनल लेवल डांस और गीत प्रतियोगिता कौशल उत्सव में अपनी धमक जमायी। स्कूल के विद्यार्थियों ने सेमी क्लासिकल डांस वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा गीत संगीत के वोकल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों कि मनमोहक प्रस्तुति कौशल महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने सभी बच्चों को जीत की शुभकामनाए दी तथा भविष्य में इस प्रकार के प्रदर्शन हेतु बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या ने विद्यालय कि डांस टीचर गायत्री साहू और संगीत शिक्षक नीलेश कुमार को उनके प्रशंसनीय कार्य हेतु सराहा।

# चौतरफा निराशा में डूबी भाजपा अवसाद की शिकार : कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि चौतरफा निराशा में डूबी भाजपा डिप्रेशन का शिकार है। इसके केंद्रीय

नेताओं से लेकर स्थानीय नेताओं तक का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। हिमाचल, कर्नाटक के बाद अब पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में बुरी तरह ठुकराए जाने से भाजपा को अहसास हो गया है कि अब पूरे देश में दुर्गति होना तय है। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि पार्टी का अस्तित्व बचाने छत्तीसगढ़ दौरे के लिए मोदी-शाह दौड़ लगा रहे हैं। तू चल, मैं आया की तर्ज पर एक आकर जाता है तो दूसरा चला आता है। चार साल से छत्तीसगढ़ को भूले बैठे मोदी को अब हर हफ्ते छत्तीसगढ़ का सपना आ रहा है। छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे लगाने की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

## भाजपा नेत्रियां शराबबंदी को लेकर नौटंकी कर रहीं : वंदना

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा शराबबंदी को लेकर किये जा रहे

आंदोलन को नौटंकी मात्र है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भाजपा महिला मोर्चा आंदोलन पर कटाक्ष करते हुये कहा कि भाजपा नेत्रियां गिरगिट की तरह रंग बदलती है। 15 साल भाजपा के शासन में रमन सिंह सारे नियम को ताक में रखकर आबकारी नीति को परिवर्तित कर दिया जाता है। युवाओं के हाथ में पुस्तक के बदले शराब का बोतल पकड़ा दिया है। तब भाजपा नेत्रियों की मुंह में दही जम गया था। भाजपा नेत्री 15 साल तक मूकदर्शक बनी मलाई खाते है। जब सत्ता हाथ से फिसल जाती है तब भाजपा नेत्रियों को अहसास होता है कि शराबबंदी होना चाहिए।

# मैदान गड्ढ़ों में तब्दील, मुरूम माफिया बेखौफ

- बारिश के मौसम में भी खनन जारी
- जगह - जगह गढ्ड़ो ने लिया तालाब का आकार, बारिश में हादसे का खतरा

**खरोरा/नवप्रदेश।** तहसील के आसपास के गांव में मैदानी इलाकों से लगातार मुरम खनन का काम जारी है गांव के सरपंच और पंचायत बॉडी के साथ संबंधों के दम पर खनन माफिया गांव के मैदानों को गहरे गड्ढों में तब्दील कर रहे हैं, दिन तो दिन रात भर सैकड़ों की संख्या में बड़े-बड़े ट्रेलर मुरूम लेकर सड़कों पर दौड़ते रहते हैं इससे ग्रामीण सड़कों के गड्ढों में तब्दील होने का क्रम भी जारी है, इतना ही नहीं जिन बांधो में बारिश का पानी रुकना शुरू हो चुका है वहां भी यह खनन माफिया अंधाधुंध 20-25 गहरे गड्ढे कर रख छोड़े हैं, जिससे आने वाले दिनों में मवेशियों के डूब कर मरने की भारी आशंका है इतना ही नहीं तेज रफ्तार डमपरों की आवाजाही से ग्रामीणों का सड़क पर चलना भी दूभर हो चुका है। ग्राम असौन्दा से चंदखुरी की ओर निकलने वाली सड़क गड्ढों में बदल चुकी है लोगों का चलना दूभर है इसके बाद भी भारी वाहन मुरूम लेकर इन्हीं रास्तों से दिन-रात चल रही हैं, ग्रामीणों का आरोप है के सरपंचों द्वारा रॉयल्टी मिलने की बात कह कर अवैध मुरम खनन पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, सीधे रूप से गांव के जनप्रतिनिधि मुरूम माफिआओं के साथ मिले हुए हैं सड़क किनारे बसे ग्रामीणों का मानना है कि रात भर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते उन्हें परेशान रहना पड़ता है तो वहीं दूसरी ओर भारी वाहनों के ड्राइवर और क्लीनर मैदान पर ही महफिल जमा कर बैठे रहते हैं जिससे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है, कई बार शराब के नशे में विवाद भी होता है, जब कभी मीडिया खनन क्षेत्रों पर पहुंचती है तो गांव के सरपंच जनप्रतिनिधि और खनन माफिया हावी होने लगते हैं पुराना पीट-पास, पुरानी लीज पर्ची दिखाकर यह सरकार की अनुमति होने का दावा करते हैं वहीं दूसरी ओर माइनिंग अधिकारी इस बात को खारिज करते नजर आते हैं और कार्यवाही की बात करते हैं और इस तरह के मामले में उदासीनता बनी हुई है। अभी कुछ सालों में खरोरा तहसील के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने मैदानों की स्थिति तालाबों जैसी हो गई है इस बेतहाशा खनन के शिकार मैदानों की गड्ढों में बदलने के जिम्मेदार कुछ हद तक उस क्षेत्र की ग्रामीण जनता भी है जो किसी भी तरह से कोई सवाल किए बगैर इस तरह के अवैध खनन को स्वीकार करती है और चुप रहती है। ग्राम मोहदी और गनियारी के बांध में चल रहे मुरूम खनन को लेकर गांव के युवाओं ने बताया कि सरपंच और ग्राम सभा पूरी तरह से इस अवैध खनन में भागीदार है, जनप्रतिनिधि इससे पैसा बना रहे हैं इसलिए उनका मुंह बंद रहता है, वहीं गांव के स्थानीय युवा संगठनों को पैसे का लालच देकर भी चुप करा दिया जाता है। रात रात भर खनन माफिया बड़े-बड़े पोकलेन से खनन करते हैं और सैकड़ों गाड़ियां रात भर मुरम लेकर सड़कों पर दौड़ती रहती है इन रास्तों से सरकार के बड़े-बड़े जवाबदार अधिकारी भी गुजरते हैं लेकिन किसी भी तरह से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं देते जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है वहीं दूसरी ओर मीडिया जब इस बात की खबर लेती है तब यह खनन माफिया अपने ऊपर की पहुंच और नेता मंत्रियों से रिश्तेदारी निकालने लग जाते हैं। ग्राम मांठ, मुरा, बंगोली, मुड़पार, गनियारी, असौन्दा, तिल्दाडीह, मोहदी समेत आसपास के इलाकों से लगातार मुरम खनन जारी है, बड़ी चालाकी से खनन माफिया रात के अंधेरे में सैंकड़ों ट्रक मुरम बेच देते हैं और देखते ही देखते अच्छा खासा मैदान गढ्ढे में बदल जाता है, बेतरतीब खनन के चलते कई तरह की परेशानी आम लोगों को झेलना पड़ रहा है और जिम्मेदार आंख मूंदे बैठे हैं।

> उत्खनन को लेकर तहसील क्षेत्र में बहुत शिकायत है, इसके लिए खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बड़ा ऑपरेशन चलाया जाना है, क्षेत्र के मीडियाकर्मियों से फुटेज भी मिले हैं सम्बंधित ट्रांसपोर्टर्स पर भी कार्रवाई किया जाएगा साथ ही सम्बन्धित ग्राम सरपंचों को तकित की जाएगी।
> **-जयेंद्र सिंह**, तहसीलदार, खरोरा

## नवागढ़ में बीजेपी की जीत सुनिश्चित करना लक्ष्य : विकास

**नवागढ़/नवप्रदेश।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने नेतृत्व में सम्बलपुर में संपन्न हुआ। जँहा संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान के तहत जनसंघ के समय के पुराने दिग्गज नेताओं का सम्मान किया गया। बैठक में विगत पौने पांच वर्षों से लगातार क्षेत्र में सक्रिय अनुसूचित जाति के नेताओं ने चुनाव में एकजुटता के साथ पार्टी द्वारा तय प्रत्याशी के पक्ष में काम करने का संकल्प लिया। जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा के लक्ष्य को लेकर 2003 में नवागढ़ से कांग्रेस का किला ढहाने वाले पुराने दिग्गजों को एकजुट कर रही है। जो वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं की ताकत के बगैर संभव नहीं है। 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में नवागढ़ विधानसभा में भाजपा का विधायक बनाना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबी भूपेश सरकार एवं नवागढ़ के कांग्रेसी विधायक को उखाड़ फेंकना है। दूसरा लक्ष्य है, 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सबको तैयार रहना है।

## दिव्यांग को मिली ट्रायसिकल

**दल्लीराजहरा/नवप्रदेश।** 11 जुलाई को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने पहुंचे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पचेड़ा निवासी दिव्यांग रोहित कुमार के चेहरे पर उस वक्त खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब रोहित को कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा ट्रायसायकल प्रदान किया गया। रोहित कुमार ने बताया कि वह दोनों पैरों से अस्थि बाधित है, जिसके कारण उनको चलने फिरने में काफी परेशानी होती है। गांव के लोगों के माध्यम से जिले के संयुक्त कार्यालय में होने वाला कलेक्टर जनदर्शन के बारे में सुना और जनदर्शन में अपनी मांगो के संबंध में कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल समाज कल्याण के उपसंचालक को तलब कर रोहित को ट्रायसायकल प्रदान करने के निर्देश दिए। जिसके पश्चात् उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के द्वारा जनदर्शन कक्ष में रोहित के लिए ट्रायसायकल उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर के हाथों ट्रायसायकल प्राप्त होने पर रोहित बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उनके चेहरे में खुशी की झलक स्पष्ट दिखलाई दे रही थी। ट्रायसायकल मिलने पर रोहित ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। रोहित कुमार ने बताया कि अब उन्हें घर के छोटे-मोटे घरेलू एवं अन्य कार्यो को करने में आसानी होगी साथ ही आने-जाने में काफी सहुलियत मिलेगी। इसी तरह जनदर्शन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुर विकासखंड के ग्राम सोरर निवासी दृष्टि बाधित विश्वजीत विश्वकर्मा को इलेक्ट्रिक सेंसर छड़ी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि विश्वजीत विश्वकर्मा जन्मजात दृष्टि बाधित है। अपने गंभीर परेशानियों के निराकरण हेतु आज वे कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने जिला कार्यालय बालोद में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने दृष्टि बाधित विश्वजीत विश्वकर्मा से आत्मीयता से बातचीत कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। विश्वजीत द्वारा उन्हें होने वाली परेशानी के संबंध में जानकारी देने पर उप संचालक समाज कल्याण को तत्काल विश्वजीत के लिए इलेक्ट्रिक सेंसर छड़ी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा के हाथों इलेक्ट्रिक सेंसर छड़ी पाकर विश्वजीत बहुत ही प्रसन्नचित एवं अभिभूत नजर आ रहे थे। विश्वजीत ने बताया कि वे जन्मजात दृष्टि बाधित होने के कारण उसे चलने-फिरने में बहुत ही कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि छड़ी लेकर चलने के दौरान अक्सर खड्डे या आस-पास की चीजों का पता नही चलता। जिसके कारण आए दिन चोट लग जाती है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन में आज अपने समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें तत्काल इलेक्ट्रिक सेंसर छड़ी प्रदान कराना उनके लिए बड़ी मदद है। इलेक्ट्रिक सेंसर छड़ी पाकर प्रसन्नचित नजर आ रहे विश्वजीत ने कलेक्टर श्री शर्मा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खरोरा दौरे पर पहुंचे अमित

**खरोरा/नवप्रदेश।** अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजयुमो नेता अमित चौधरी अल्प समय के लिए खरोरा दौरे पर पहुंचे जहां उनका आगमन स्थानीय रेस्ट हाउस पर हुआ जहां पर युवा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत नगर अध्यक्षा अभिलाष अग्रवाल के नेतृत्व में किया। चौधरी ने प्रेस वार्ता चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आज के दौर में युवा वर्ग को समाज से जोड़ना चाहिए ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके साथ ही उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि समाज से जुड़ेगा तो निश्चित तौर पर समाज की गतिविधियों के साथ संस्कृति एवं अच्छे आचरण ग्रहण करने का मौका युवा वर्ग को मिलेगा ताकि आगामी समय में इसका लाभ सबको मिल सके।

## शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

**भाटापारा/नवप्रदेश।** स्थानीय इतवारी राम यादव शा बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रशांत गांधी सदस्य नवीन बक्स मारवाडी युवा मंच ग्रेन सीटी शाखा भाटापारा के पदाधिकारियों गोपाल शर्मा, आशीष टोडर, अभिषेक टाटिया, विनोद अग्रवाल,कैलाश बंसल, अर्पित अग्रवाल एवं संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा के आतिथ्य में मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक तथा विद्यार्थीयों द्वारा अतिथियों का गुलाल लगा कर स्वागत किया गया। पश्चात अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्रों को टीका लगा कर व मिठाई खिलाकर स्वागत कर पाठ्यपुस्तक व नोट बुक का वितरण किया। इस अवसर पर अपने उदबोधन में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने छात्रों को अनुशासित रह कर अध्ययन कर शासन की योजनाओं का लाभ ले व अपने भविष्य को उज्वल बनाये माआरवाडी युवा मंच ग्रेन सीटी के उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने छात्रों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षकों से ज्ञान प्राप्त कर अपना लक्ष्य प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्याख्याता जी पी वर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के व्याख्याता गण कृष्ण कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद साहू, प्रेम रतन शर्मा, श्रीमती रूपलेखा वर्मा, श्रीमती बसंती शर्मा, सुश्री रेखा भालेराव, श्रीमती कामना ध्रुव, श्रीमती संतोषी कंवर, श्रीमती सरिता बंसल रितेश कुमार चौबे एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेन्द्र जांगड़े का निलंबन

### सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर किया गया था निलंबित

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेन्द्र जांगड़े को सोशल मीडिया में झूमाझटकी की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पद से निलंबित कर दिया गया था। युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन ने इस मामले में जांच टीम भी गठित की थी। जांच टीम की रिपोर्ट के पश्चात मारपीट की घटना में वीरेन्द्र जांगड़े के शामिल न होने के तथ्य व सबूत सामने आने पर उन्हें पद पर पुनः बहाल कर दिया गया। तीन दिनों पहले सोशल मीडिया में दो पक्षों में झूमाझटकी की घटना का वीडियों वायरल हुआ था। वायरल वीडियों में कबीरधाम जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र जांगड़े के भी इस घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए वीरेन्द्र जांगड़े को पद से निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही जांच टीम भी बना दी थी ताकि मामले में युवा कांग्रेस पदाधिकारी वीरेन्द्र जांगड़े की भूमिका स्पष्ट हो जाए। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा व छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रभारी डॉ. पलक वर्मा ने लिखित बयान जारी कर बताया है कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियों और जांच समिति को जांच के दौरान प्राप्त वीडियो की बारीकी से जांच की गई। जांच समिति ने पाया कि सभी वीडियों में यह साफतौर पर दिख रहा है कि वीरेन्द्र जांगड़े द्वारा किसी से भी मारपीट नहीं की गई है, बल्कि उनके द्वारा विवाद को सुलझाने व झगड़ा को समाप्त करने का प्रयास किया गया है।

## भूपेश है तो भरोसा है' अभियान चलाएंगे कांग्रेसी

**नगरी/नवप्रदेश।** सियासत के ग्राउंड जीरो पर कांग्रेस नेता निकलेंगे और अभियान चलाया जाएगा। अभियान को नाम दिया गया है भूपेश है तो भरोसा है। इस अभियान के तहत यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता वोटरों को डोर टू डोर जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार करेंगे। अगर लोगों को सरकारी योजनाओं को लेकर किसी तरह की समस्या आ रही है उसे भी दूर करने उनकी जानकारी शासन को दी जाएगी। इसे लेकर धमतरी के राजीव भवन में युवा कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर रखा गया था।जिसमे सिहावा विधानसभा से युवा नेता प्रमोद कुंजाम जिला उपाध्यक्ष,जुनैद रज़ा, प्रेमांशु प्रजापति, अभिषेक बंजारे,अंकुश देवांगन,वासुदेव नागेश,छबिलाल यादव, अमन राज निराला, सहजाद मेमन, आकाश नेताम, भेपेंद्र कवर, थानेंद्र साहू शामिल हुए।

## ईल्दा में बालिकाओं को साइकिल वितरण

**खरोरा/नवप्रदेश।** शासकीय हाई स्कूल स्कूल ईल्दा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष-धनेश साहू तथा ग्राम के सरपंच दुलेश गिलहरे तथा समितिके सदस्य खम्भण उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्या चांदनी युदवंशी, व्याख्याता मंजू औसर व शाला वरिष्ठ शिक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा तथा समिति सदस्य व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## ममता राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष

**खरोरा/नवप्रदेश।** डॉ ममता साहू 12 वर्षो तक राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के रूप में अलग-अलग प्रांतों में भ्रमण किया। इसी लगनशीलता मेहनत व समाज सेवा को देखते हुए जयदत्त क्षीरसागर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रामलाल गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव की स्वीकृति से 12 जुलाई 2017 के क्रम में डॉ.ममता साहू को राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड मनोनीत किया है और शुभकामनाओं के साथ कहा हैं कि उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड प्रदेश का सघन भ्रमण कर दोनों प्रदेशो मे राष्ट्रीय पदाधिकारीगण व प्रदेश अध्यक्षगणों के साथ बैठक कर समीक्षा कर शिथिल पड़े संगठन को सक्रीय करने क्योंकि आगामी वर्ष में लोक सभा का चुनाव को देखते हुए दोनो बड़े राज्यों का दायित्व दिया गया है।डॉ. ममता साहू राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर डॉ.ममता साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, मुझे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर द्वारा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया मै उनका सादर आभार प्रकट करती हूँ एवं उनके विश्वास पर खरा उतरने की भरसक प्रयास करूंगी। साथ ही समाज के साथियों से मेरी अपील है कि मुझे पहले भी आप लोगों का सहयोग प्राप्त होता रहा है,आगे भी आप सभी का सहयोग मुझे मिलता रहेगा। हमें एक समन्वय स्थापित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तैलिक समाज को उचाईयों पर ले जाना है,इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू हलधर साहू सरिता साहू किरण साहू खुशी साहू पवन साहू लिलेश साहू सोनू साहू एवम छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ सामाजिकजनों एवं युवा साथियों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाए एवं बधाई दी।

## प्रवेशोत्सव आज

**नगरी/नवप्रदेश।** विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में दिन- शनिवार, प्रातः 11:00 बजे आयोजित है। मुख्य अतिथि - डॉ. लक्ष्मी ध्रुव (विधायक विधानसभा सिहावा अध्यक्षता कांति सोनवानी, अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी विशिष्ट अतिथिगण दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष, जनपद पंचायत नगरी बृजेश बाजपेयी जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी देवेश कुमार सूर्यवंशी डी.एम.सी. समग्र शिक्षा धमतरी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीता रायस्त आराधना शुक्ला अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर ने वॉलंटियरों को प्रदान किया वीआर किट

**दल्लीराजहरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 13 जुलाई को कला, विज्ञान एवं संगीत विषय पर नवाचार के माध्यम से इन विषयों के लिए 10 से 14 वर्ष तक के बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के वॉलंटियरों को वीआर(वर्चुअल रियलिटी) किट प्रदान किया। इस दौरान उन्होने प्रथम एजुकेशन के वॉलंटियरों को वीआर किट के महत्व एवं उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए स्कूली बच्चों को इसके उपयोग एवं लाभ की जानकारी देने को कहा। उल्लेखनीय है कि प्रथम एजुकेशन सोसायटी द्वारा जिले में पिछले वर्ष क्रिएटिविटी महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीण स्तर में 10 से 14 वर्ष के स्कूली बच्चों के साथ गांव के शिक्षित युवा-युवतियों द्वारा स्वयंसेवक के रूप में बच्चों के साथ आर्ट, साइंस एवं म्यूजिक तीन थीम पर वीडियों बनाकर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के पोर्टल में सबमिट किया गया था। जिसमें से जिस गांव से वैलिड वीडियों प्राप्त हुआ है।

उन्हें विजेता के रूप में कलेक्टर श्री शर्मा ने वीआर किट प्रदान किया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के हाथों वीआर किट प्राप्त कर प्रथम एजुकेशन के वॉलंटियर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने वॉलंटियरों को वीआर किट के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह वीआर किट स्कूली विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा। इस दौरान उन्होंने बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले वॉलंटियरों को जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने हेतु आयोजित की जा रही 'गढ़बो भविष्य' प्लेसमेंट के आयोजन के संबंध में इसका लाभ उठाने की जानकारी दी।

## मंत्री की अनुशंसा से 122.40 लाख की मिली स्वीकृति

**आरंग/नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा से मुख्य मंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 52 लाख 40 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। उसी प्रकार छ.ग. राज्य ग्रामीण क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजनांतर्गत सी.सी.रोड, सामुदाकिय भवन, रंगमंच निर्माण हेतु 70 लाख रूपये के विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

जिसमें मुख्य मंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अर्न्तगत ग्राम बड़गाव में यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, फरफौद के धीवर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, बाहनाकाड़ी के राजपूत पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, अछोली(करमा) के कुर्मी समाज पारा में सामुदाकिय भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, करमंदी के सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कोड़ापार के सतनाम चौक में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, टेकारी में शंकर वर्मा के घर से डोमार वर्मा के घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, राटाकाट में गांधी चौक से खिलेश्वर पटेल कके घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण 5.20 लाख, लखौली के सतनाम चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख रूपये, भटिया में सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 6.50 लाख, पारागांव में धान खरीदी केन्द्र तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, एवं पटेलपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, अमेरी में मुख्य गली में 200 मी. सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, नारा के साहू समाज पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 03 लाख, खम्हरिया के निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, भैंसा के पटेल पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 3.50 लाख, अकोलीकला के साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, देवदा में घासीदास मंदिर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, कुरूद(कु.) के प्रा.शा.से भाठापारा तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, चपरीद के मुख्य गली में 400 मीटर तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख, बरछा में भाठापारा वार्ड 01 में पुलिया निर्माण हेतु 1.50 लाख, एवं ग्राम रसनी के फोकटपारा पेट्रोल पंप के सामने में रंगमंच निर्माण हेतु 1.50 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

# महापौर ने कहा लापरवाह ठेकेदारों को दें नोटिस

**■ महापौर ने अभियंताओं की ली बैठक**

**रिसाली/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम रिसाली महापौर ने स्पष्ट कहा है कि लापरवाह और मनमौजी करने वाले ठेकेदारों से सख्ती से पेस आए। गुणवत्ता में कमी होने पर बिना देरी किए नोटिस जारी करे। खराब कार्यो को धरासाही कर नए सिरे से कार्य कराए। महापौर शशि सिन्हा ने निगम के सभी अभियंताओं की बैठक ली। उन्होंने वार्ड क्र. 01 से 40 तक के स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। महापौर ने कहा कि अभियंता इस बात का विशेष ध्यान दे कि कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो रहा है कि नहीं। उन्होंने ऐसे ठेकेदारों की सूची अलग से तैयार करने कहा जो कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य आरंभ नहीं करते। महापौर ने अभियंताओं से दो टूक कहा कि स्थल निरीक्षण कर घटिया निर्माण पर नोटिस दे और नए सिरे से कार्य कराए। बैठक में प्रभारी कार्यपालन अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर, अखिलेश गुप्ता, उमयंती ठाकुर व

नितिश अमन साहू उपस्थित थे।

**पार्षदों की शिकायतों का शीघ्र निराकरण हो:** महापौर ने कहा आमजनों की शिकायत का निराकरण पहले हो। वार्ड पार्षद सीधे नागरिक से जुड़े होते है। ग्राउंड लेबल पर समस्याओं को दूर करने वे निगम कार्यालय में शिकायत भी करते है। ऐसे आवेदनों का निराकरण त्वरित किया जाए। महापौर ने जनप्रतिनिधि की समस्याओं को दूर कर सूचीबद्ध करने कहा।

**कार्यदेश जारी करने में दिखाए तत्परता**

महापौर शशि सिन्हा ने बैठक में निर्देश दिए कि निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिकारी बिना देरी किए कार्यादेश जारी करे। कार्यादेश जारी में विलंब होने पर विकास कार्य की गति में कमी होगी। उन्होंने सभी कार्यो की हर रोज मॉनिटरिंग कर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

# 500 महिलाओं को गारमेंट फैक्ट्री में मिलेगा रोजगार

**■ कलेक्टर मीणा ने लिया जायजा**

**■ जिले का पहला तारामंडल भिलाई में**

**भिलाई/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार आईटीआई कैंपस में 500 महिलाओं को रोजगार देने के लिए गारमेंट फैक्ट्री निर्माण पर तेज गति से काम किया जा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण में कार्य को शीघ्रता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। लगभग 3300 स्क्वायर फीट में गारमेंट फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें शौचालय की व्यवस्था तथा किड्स जोन भी होगा। वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे। महिलाओं को गारमेंट फैक्ट्री के संचालन के लिए 45 दिवस की ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ट्रेनिंग के पश्चात ही प्राइमरी शेड से मेन शेड में महिलाओं को कार्य हेतु भेजा जाएगा। गारमेंट फैक्ट्री को सुरक्षित रखने के लिए चारों ओर से बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाएगा। गारमेंट फैक्ट्री में कपड़े के लिए मशीन स्थापित किए जाएंगे तथा इसके संचालन के लिए भी निगम के द्वारा व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर मीणा ने सभी कार्य को साथ में करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री के पास महिलाओं के सुविधाओं के लिए कैंटीन प्रारंभ करने कहा है। इसके अलावा खुर्सीपार जोन क्षेत्र में मंगल भवन में बीपीओ के कार्यों का जायजा कलेक्टर ने लिया गया। कार्य की प्रगति देखी गई तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। गौरतलब है कि युवाओं को रोजगार देने के लिए बीपीओ खोला जा रहा है। नगर के समीप उद्यान में तारामंडल का निर्माण किया जा रहा है जहां लोग चांद, सूरज, तारे, अकाश एवं खगोलीय घटनाओं को इसके जरिए देख सकेंगे। जिले का यह पहला तारामंडल भिलाई में होगा। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उद्यान में तारामंडल के समीप आकर्षक लैंडस्कैपिंग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है, ताकि यहां आने वाले लोगों को उद्यान सुंदर प्रतीत हो सके। निरीक्षण के दौरान जोन अपर आयुक्त अशोक दिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं आर एस राजपूत, उप अभियंता चंद्रकांत साहू एवं कृष्णा जंघेल आदि मौके पर मौजूद रहे।

# 17 से छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक

**■ प्रतिभाओं को सामने लाने महापौर ने ली बैठक**

**रिसाली/नवप्रदेश।** परंपरागत खेल के माध्यम से छिपे हुए प्रतिभाओं को सामने लाने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज 17 जुलाई से किया जा रहा है। रिसाली निगम क्षेत्र में खेल का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के दिन शुरू होने वाले 16 अलग-अलग विधा के खेलों की तैयारियों के लिए महापौर शशि सिन्हा व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी सनीर साहू ने मितान क्लब के प्रभारियों की बैठक ली। महापौर व एमआईसी सद्स्य ने कहा कि निगम क्षेत्र के 40 वार्डो में सभी प्रकार के 16 खेलों का आयोजन किया जाए। मितान क्लब के पदाधिकारियों से कहा कि खेल हर वर्ग के महिला पुरूष के लिए है। 17 जुलाई के पहले प्रतिभागियों का पंजीयन कर सूची वार्डवार बने खेल समिति के सद्स्य सचिव को अनिवार्य रूप से सौंपे। बैठक में पार्षद डॉ. सीमा साहू, निगम सचिव रोहित साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**द्वितीय किश्त जारी :** बैठक के तत्काल बाद आयुक्त आशीष देवांगन ने राजीव युवा मितान व होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियों का विभागीय समीक्षा की। उन्होंने एक दिन पहले शासन द्वारा आवंटन द्वितीय किश्त को क्लब के खाता में स्थानांतरित करने निर्देश दिए।

**छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में ये खेल**

गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेंड़ी दौड़, भवरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद, कुश्ती।

**26 से जोन स्तर पर**

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का वार्डवार प्रतियोगिता 17 से 22 जुलाई तक होगा। इसके बाद जोन स्तर पर 26 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। महापौर ने क्लब के पदाधिकारियों को जानकारी दी कि नगरीय स्तर के कलस्टर व जिला स्तर पर वही खिलाड़ी जाऐंगे जो जोन स्तर पर विजेता रहेंगे।

# भाजयुमो ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

**■ शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं : जीत यादव**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दुर्ग जिला भाजयुमो द्वारा रायपुर महात्मा गांधी स्कूल एवं व्यापम में भ्रष्टाचार धांधली के खिलाफ भाजयुमो जिलाध्यक्ष जीत हेमचंद यादव के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम दुर्ग जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर कर कड़ी कार्रवाई की मांग की । इस अवसर भाजयुमो जिलाध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने कहा कि जब से प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार आई है हर क्षेत्र में धांधली भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल है इन्होंने ऐसा कोई वर्ग नहीं छोड़ा होगा जिसे इन्होंने ठगा नहीं होगा अभी वर्तमान में देखें तो स्वामी आत्मानंद स्कूल रायपुर एवं व्यापम में भ्रष्टाचार धांधली जिसकी गूंज

पूरे देश में है इस विषय को लेकर आज हम लोगों ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा और उचित कार्रवाई की मांग की । ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष सानिध्य चंद्राकर , जितेंद्र साहू , ज़िला मंत्री राहुल भट्ट ,हर्ष चंदेल, राजा बैरागी,सोशल मीडिया प्रभारी रोहन मोटवानी , मंडल अध्यक्ष उमंग ताम्रकार,विशाल शर्मा, हिमाशु सिंह, लवकेश देवांगन, निरंजय दुबे, खिलेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हरेली त्योहार की तैयारी, आयुक्त ने दी अधिकारियों को जिम्मेदारी

**■ पारंपरिक खेलों की बिखरेगी छटा, बच्चे-बुजुर्ग, महिला, युवा सभी लेंगे हिस्सा**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन की तैयारी नगर पालिक निगम में शुरू हो गई हैं।17 जुलाई 2023 हरेली तिहार के दिन से छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ओलंपिक खेलो के लिए तैयारियों को लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम एवं सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया को नियुक्ति किया है। अधिकारी जोनवार सम्मिलित वार्डो में तैनात रहेंगे इनकी लगी ड्यूटीः- उपअभियंता राजेन्द्र ढबाले को जोन 1 वार्ड 1 से लेकर 8 तक, उपअभियंता स्वेता महलवार को ज़ोन 2 में वार्ड 9 से 16 तक,पंकज साहू को जोन 3 में वार्ड 17 से लेकर 22 तक और 56 व 60,विकास दमाहे को जोन 4 में वार्ड 23 से 30 तक,उपअभियंता विनोद मांझी को जोन 5 में वार्ड क्रमांक 31 से 33 और 55 से 58 तक,उपअभियंता करण यादव को जोन 6 वार्ड 34 से 39 तक, श्रीमती भारती ठाकुर को जोन 7 में वार्ड 40 से 46 तक,उपअभियंता हरिशंकर साहू को जोन 8 में वार्ड 47 से 54 तक में ड्यूटी लगाकर जिम्मेदारी दी गई है।जानकारी के मुताबिक पहले चरण में 17 जुलाई से राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर खेल प्रारंभ होंगे।नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इन खेलों में उम्र का कोई बंधन नहीं है। इसमें 16 प्रकार के पारंपरिक खेल विधाएं शामिल की गई है।छत्तीसगगढ़ी ऑलंपिक के सफल आयोजन हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद,रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने का बेहतर अवसर है छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लगातार छत्तीसगढ़ की परम्पराओं को सहेजने की दिशा में काम कर रहे है। उन्होंने शहर के नागरिकगणों से अपील कर कहा कि ओलंपिक खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेवे।

# कलिहारी के नेतृत्व में धरने पर बैठी महिलाएं

**■ प्रदेश सरकार का अंत नजदीक : दिव्या कलिहारी**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में आयोजित रायपुर में गंगाजल की कसम ना खाने का बयान देने वाले कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के बयान के विरोध में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में दुर्ग जिले से सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी के नेतृत्व में दुर्ग जिले से रवाना हुए हैं इसमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत रही। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में घोषित प्रदेश में शराबबंदी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण के द्वारा गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी की बात की गई थी जिसे कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के द्वारा बयान

देकर कहा कि ऐसा किसी भी प्रकार की कसम हमने नहीं खाई है जिसके विरोध स्वरूप प्रदेश नेतृत्व के द्वारा विरोध धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में दुर्ग जिले से महिलाओं ने प्रतिनिधित्व किया प्रदेश के समस्त मात्र शक्तियों से आह्वान करती हो कि ऐसे वादाखिलाफी और झूठ बोलने वाली सरकार को जड़ से आने वाले दिनों में होने वाले चुनाव में उखाड़ फेंके। आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने वालों में रुपेश वरी साहू नीतू श्रीवास्तव रेखा यादव कोषाध्यक्ष मंजू पांडेय मंत्री बिंदु सिंह भुवाल मंडल अध्यक्ष झरना वर्मा शीतल जांगिड़ ममता देवांगन साधना चौधरी योगिता शर्मा लता ठाकुर हेमलता साहू श्वेता मानिकपुरी सीमा मिश्रा धनेश्वरी देशमुख शालिनी दिल्ली वार शांति सेना प्रिया ठाकरे संतोषी साहू ज्योति यादव आदित्य खरिया विमला कामरे सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेंशनधारियों की राशि में 150 रुपए की वृद्धि

**दुर्ग/नवप्रदेश।** दुर्ग शहर के निराश्रित वृद्धावस्था पेंशनधारी, विधवा व विकलांग समेत 5 कैटेगरी में पेंशन पाने वाले पेंशनधारियों को हर महीने मिलने वाली पेंशन राशि से 150 रुपए ज्यादा मिलेगा। वर्तमान में पेंशन राशि 350 रुपए प्रति महीना की दर से भुगतान किया जा रहा है। जुलाई माह से हर माह 500 रुपए पेंशन मिलेगी। निगम क्षेत्र के 18739 निराश्रित पेंशनधारियों में से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 4830, सुखद सहारा 3231, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत वृद्धा 176, विधवा 79, परित्यक्ता 5 , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन 7134, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन 2936 और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन 348 हितग्राही हैं। समाज कल्याण विभाग से हर माह 69,50,250 रुपए की राशि नगर निगम को हस्तांतरित की जाती है, जहां से पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान किया जाता है। विधायक अरुण वोरा ने आज समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश के बजट सत्र में सीएम की घोषणा के अनुरूप समस्त पेंशनधारियो को अप्रैल माह से जून तक एरियर्स दिया जाए। साथ ही जुलाई से पेंशनधारियों के खाते में सीधे 500 रुपए बढ़ाने की प्रक्रिया की जाए और 80 साल से अधिक आयु के पेंशनधारियों को 500 रुपए से बढ़ाकर 650 रुपए भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# निगम का मलेरिया के खिलाफ अभियान, दवा का छिड़काव शुरु

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 क्षेत्र और वार्ड क्रमांक 43 क्षेत्र में विषय स्वच्छता अभियान चलाकर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा की अनोखी पहल, अब शहर रहेगा स्वच्छ,स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए एक तरकीब ढूंढ़ निकाला है,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा वार्ड के नालियों की तले से सफाई एवं नाला-नाली के पास झाड़ियों की कटाई कराई जाएगा।वार्डो में सफाई उपरांत कचरे का परिवहन किया जाएगा।सड़को में बिखरे हुए झिल्ली,पन्नी बिनने का कार्य करते हुए एकत्रित किया जाएगा। सफाई कर्मियों द्वारा तालाब के चारो तरफ सफाई, झाड़ी कटाई एवं मच्छर उन्मूलन हेतु दवाई छिडकाव कार्य किया जाएगा। वार्डो में मुक्कड़ की सफाई का कार्य के अलावा सड़को में पड़े सी एण्ड डी मलबे की सफाई कर उठाया जाएगा।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इन वार्ड क्षेत्र के सभी नाली, नालों की सफाई किया गया।आयुक्त ने अधिकारियों को और भी बेहतर सफाई के निर्देश दिए।

# विधायक वोरा 5 हमर क्लीनिक का करेंगे लोकार्पण

**दुर्ग /नवप्रदेश। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा 15 जुलाई को शहर के पांच अलग-अलग स्थानों कातुलबोर्ड, गुरुघासीदास वार्ड, तितुरडीह, शांतिनगर उरला व बोरसीभाठा में हमर क्लीनिक का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव के साथ वार्ड के पार्षद जयश्री जोशी, प्रकाश जोशी, अरुण सिंह, बृजलाल पटेल व ज्ञानदास बंजारे मौजूद रहेंगे। वोरा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में हमर क्लीनिक योजना की शुरुवात की गई है।**


**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/121
ग्राम आरंग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारी यादव पिता श्री नोहर ग्राम आरंग तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पता/माता/ दादा/दादी माधुवी के जन्म दिनांक 14.04.2019 है का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक का प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18/07/2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/121
ग्राम आरंग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशोदा मण्डलोई पिता श्री रंजीत ग्राम आरंग तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र राज के जन्म दिनांक 25.12.2018 है का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक का प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/07/2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/121
ग्राम आरंग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता श्री चिन्ताराम ग्राम आरंग तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री घृति के जन्म दिनांक 12.06.2021 है का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक का प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18/07/2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार हीरालाल ग्राम तेलासी
रा.नि.मं. गिधपुरी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल पिता मोहित जाति रावत निवासी ग्राम तेलासी प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. गिधपुरी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पुत्र डगेष पिता हीरालाल जाति रावत का जन्म दिनांक 19.02.2016 को ग्राम तेलासी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण आवेदक के द्वारा नहीं करा पाया इसलिए उक्त जन्म दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 21/07/2023 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार हेमंत कुमार ग्राम दतरेंगी
रा.नि.मं. गिधपुरी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार पिता सुखराम जाति कुम्हार निवासी ग्राम दतरेंगी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. गिधपुरी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पुत्री एश्वर्या पिता हेमंत कुमार जाति कुम्हार का जन्म दिनांक 06.08.2012 को ग्राम दतरेंगी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण आवेदक के द्वारा नहीं करा पाया इसलिए उक्त जन्म दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र गराम सचिव के अनुपलबधता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किाय गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 21/07/2023 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

**// आम सूचना //**

मै अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) सेन्ट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूँ कि मेरे पक्षकार मनोज निर्मलकर द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता- ÷देवी मैय्या शीतला बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स पार्टनर 1. बल्दूराम आ. श्री जोधी 2 मोहनलाल आ. स्व. जीवधन आम मु तरफसे प्रीति गौतम, सुमन देशमुख, वीणा देशमुख पिसरान स्व. जीवधन एवं श्रीमती रूखमणी ध.प. स्व. जीवधन निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) आ.मु. दिनांक 12/06/2015, . अ-4/494 / दुर्ग एवं क्रेता- नरसिंह सिन्हा आ. श्री देवीराम सिन्हा निवासी मकान नं. 367, वार्ड नं. 07. आर्य नगर, कोहका भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) मौजा कोहका तह व जिला दुर्ग के तहत खसरा नम्बर 56/1 रकबा 0.011 हेक्टेयर अर्थात 1170 वर्गफीट प्लॉट नं. 11. ब्लॉक नं. बी. रजिस्ट्री दिनांक 12/09/2019 ग्रन्थ नं. 502, पृष्ठ नं. 248-291 दस्तावेज नं. 1757, की रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी है उक्त मूल पुरानी रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरुपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज करायी गई है अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन / मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा । सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित ।

**अधिवक्ता**
जयराम भागवानी
प्लाट न.20,पेट्रोल पम्प के बाजू मे
न्यू आदर्श नगर, दुर्ग
मो.- 93028-38684

**नाम परिवर्तन**

मै शपथकर्ता दिलीप कुमार पिता जगदीश प्रसाद सोरी, उम्र 56 वर्ष, जाति- गोड़ निवासी - क्वा. नं. 138/ बी 1 एन.ए. टाईप वार्ड नं. 08, टाउनशिप, राममंदिर वार्ड, दल्ली राजहरा तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) का रहने वाला हूँ ,मूलतः मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य है। मैं बी.एस.पी. दल्ली राजहरा , विभाग - एच.ई.एम.ई. गैरेज दल्ली माइंस में सीनियर टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ हूँ जो कि वर्णित विभाग के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती गीता देवी दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी पत्नी के नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधारकार्ड क्रमांक 63036805 2703 है तथा आयकर विभाग द्वारा पेनकार्ड क्रमांक QYKPS3864N जारी है। जिसमें उनका नाम गीता सोरी दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। मेरी पत्नी इसी नाम से जानी पहचानी व पुकारी जाती है। गीता सोरी तथा गीता देवी उक्त दोनों ही नाम एक ही महिला अर्थात मेरी पत्नी का है। मेरे सेवा रिकार्ड में मेरी पत्नी का दर्ज नाम गीता देवी जो कि गलत है, उसे सुधार कर सही नाम आधार कार्ड व पेनकार्ड के अनुसार गीता सोरी दर्ज किये जाने के समर्थन में शासकीय गजट में प्रकाशन के लिए यह शपथपत्र श्रीमान् सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ई कोर्ट नं. ग्राम बालोद
तहसील बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीराम पिता श्री हीरालाल जाति तेली निवासी ग्राम बघमरा तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 203/3 रकबा 0.283 हे. में से रकबा 0.043 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- व्यवसायिक कार्यालय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी 1, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक कार्यालय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 31.07.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13.07.2023 को जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला बालोद**

## 17 खनिज अधिकारी और सहायक खनिज अधिकारियों के तबादले

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन ने खनिज विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों का ट्रांसफर किया है। राज्य के कई जिलों में तैनात सहायक खनिज अधिकारियों की अन्य दूसरे जिलों में पोस्टिंग की गई है। जिसमें रायपुर के सहायक खनिज अधिकारी योगेश साहू को कबीरधाम जिला कार्यालय भेजा गया है, तो वहीं महासमुंद की सहायक खनिज अधिकारी शबीना बेगम को राजधानी रायपुर में जिम्मेदारी दी गई है। इस आदेश में 17 खनिज अधिकारियों का नाम शामिल है।

# सीएम आज यू-टयूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से मिलेंगे मुलाकात

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आम जनता से भेंट-मुलाकात के बाद 15 जुलाई की शाम यू टयूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर से भेंट-मुलाकात करेंगे।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री 16 जुलाई को छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ भेंट-मुलाकात कर रूबरू होंगे। सीएम का मानना है कि अपने योगदान से यू टयूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ-साथ हमारे छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार हमारे सुंदर और समृद्ध छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। यह रचनात्मक का क्षेत्र है, जिन लोगों ने इस क्षेत्र को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए चुना है। उनका प्रोत्साहन और उत्साहवर्धन जरूरी है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने इनके साथ अपनी भेंट-मुलाकात तय की है। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों की हमेशा से लोगों के बीच अच्छी खासी पैठ है।

ऐसा हो भी क्यों नहीं क्योंकि छत्तीसगढ़वासियों का अपनी माटी की संस्कृति के साथ गहरा लगाव है। वहीं यू टयूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता

से इसे लोकप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया प्लेटफ ार्म युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है, सूचनाओं के सम्प्रेषण और मनोरंजन जगत में इसकी प्रभावी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता । छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों का छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने में अतुलनीय योगदान रहा है। नए जमाने के चलन के साथ इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति में रोचकता और लोगों के बीच अपना आकर्षण बनाए रखा है। जनसमुदाय को बड़ी उत्सुकता के साथ इन कलाकारों की प्रस्तुति का इंतजार रहता है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य और इसकी गौरवशाली संस्कृति को देश और दुनिया के सामने प्रभावशाली और रोचक ढंग से प्रस्तुत करने में यू टयूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं, जिसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। इनके द्वारा अपनी रचनात्मकता, सोशल नेटवर्किंग कौशल के साथ प्रभावशाली प्रस्तुति लोगों के बीच विश्वास कायम कर रही है। मुख्यमंत्री इन लोगों से भेंट-मुलाकात कर अपने विचार साझा करेंगे और इनकी बातों को भी पूरी गंभीरता से सुनेंगे।

## मदनबाड़ा में शहीद जवान मिथलेश साहू को एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा/नवप्रदेश।** राजनांदगांव के घोर नक्सली प्रभावित क्षेत्र मदनबाड़ा में 2009 को नक्सली हमले में शहीद हुए हतबंद थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा निवासी शाहिद मिथलेश साहू की 14 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर एस डी ओ पी आशीष अरोरा ,थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह सहित थाना स्टाफ उपस्थित थे। विदित हो की 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव जिले के मदनबाडा में नक्सली हमले की खबर के बाद एस पी वी एस चौबे घटना स्थल जाने के लिए राजनांदगांव से रवाना हुए। चौबे के वाहन के आगे आगे मोटर सायकल पल्सर में नवापारा निवासी बंशी लाल साहू सरस्वती साहु का पुत्र मिथलेश साहू अपना फर्ज निभाते हुए आगे बढ़ रहा था।

# संविदाकर्मियों ने दिया इस्तीफा, अरुण साव बोले-सरकार बनते ही पूरी होगी मांग

**रायपुर/नवप्रदेश।** शुक्रवार को नवा रायपुर के तूता में कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। इस बीच 28 जिलों में संविदाकर्मियों ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले इन कर्मचारियों की संख्या करीब 45 हजार है। अनियमित कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे थे। नवा रायपुर में पुलिस ने इन्हें रोका, इसके बाद पुलिस के साथ कर्मचारियों की काफ ी देर तक धक्का-मुक्की होती रही। अनियमित कर्मचारी मोर्चा के कर्मचारी सड़क पर उतर गए। कांग्रेस भगाओ के नारे लगाए। ज्ञापन की प्रतियां जला दीं। मौके पर पहुंचे बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि, भाजपा संविदा, अनियमित, दैनिक वेतन भोगी

और अन्य प्रकार के अस्थाई कर्मचारियों की मांग को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी और सरकार बनते ही भाजपा अपना वादा पूरा करेगी। अरुण साव के साथ प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, विजय शर्मा और केदार कश्यप सहित भाजपा नेताओं के साथ शुक्रवार को सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैन रतले तूता में आंदोलित कर्मचारियों से आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना पूरा समर्थन दिया और उन्हें विश्वास दिलाया कि भाजपा की सरकार बनते ही कर्मचारियों की न्यायसंगत मांगें पूरी की जाएंगीं।

# चाकूबाजी की घटना में एक नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**नगरी/नवप्रदेश।** थाना सिहावा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिहावा मावलीपारा निवासी प्रार्थी गजेन्द्र पटेल रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13.07.2023 को ग्राम सिहावा स्थित मनीष कश्यप के चना मुर्रा का दूकान में नगरी निवासी आरोपीगण शाम करीबन 04/30 बजे दूकान में आकर चना मुर्रा मांगते हुये जल्दी चना मुर्रा क्यों नहीं दे रहे हो कहते हुये मां बहन की अश्लिल गाली गलौच करते हुये दुकान में घुसकर जान से मारने की नियत से चाकू हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किये बीच बचाव करने आये मनीष कश्यप के साथ भी मारपीट कर गला दबा दिये व दुकान अंदर रखे गल्ला से 3000 रू0 एंव मनीष कश्यप का 01 एंड्रायड मोबाईल को लूट कर ले जाने कि रिपोर्ट अपराध क्रमांक 106/2023 धारा 307, 294, 323, 506, 394, 34 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अपराध की परिस्थिति को देखते हुये त्वरित कार्यवाही करने का निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपीगण 01हितेश्वर मरकाम पिता अंजोर सिंह मरकाम उम्र 19 वर्ष 02. रोहन भोई पिता संतराम उम्र 21 वर्ष 03 विधि से संघर्षरत बालक तीनों साकिनान नगरी थाना नगरी जिला धमतरी छ0ग0 को दिनांक 14.07.2023 को गिरफ्तार किया गया है।

# बीजेपी नेता का अपहरण, एक आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर में बीजेपी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनीष साहू का रुपए की वसूली को लेकर अपहरण हो गया। बदमाशों ने एक फार्म हाउस में ले जाकर उसे जमकर पीटा। गन दिखाई, पिस्टल के पिछले हिस्से से भी पिटाई की। अपहरण कांड और मारपीट करने वाले बदमाश हर्षवर्धन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला रायपुर के टिकरापारा थाना इलाके का है। पुलिस के पास मामला पहुंचते ही थाने में हाई प्रोफ ाइल ड्रामा हुआ।

कई नामचीन लोग इस प्रकरण को दबाने का प्रयास करते रहे। मामले का आरोपी हर्षवर्धन शहर की समाजसेवी का ममता शर्मा का बेटा है। इससे पहले भी आपराधिक मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। टिकरापारा थाने के

प्रभारी अमित बेरिया ने मीडिया को बताया, 12 जुलाई की रात बदमाशों में कार में बैठाकर मनीष साहू का अपहरण किया। 13 जुलाई की सुबह 7 बजे तक उसे बंधक बनाकर रखा। सुबह अपनी जान बचाने के लिए मनीष ने हर्षवर्धन से कहा कि, पचपेड़ी नाका चलो मैं वहां रुपए दे दूंगा। हर्षवर्धन अपनी कार में बैठाकर मनीष को पचपेड़ी नाका से भांठागांव तक तीन बार आना जाना करके उसे घुमाता रहा। पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे मौका देखकर कार का गेट खोलकर मनीष कूद गया। बाद में शिकायत मिलने पर हर्षवर्धन को पकड़ा गया है।

## 31 डिप्टी कलेक्टर्स एकतरफा भारमुक्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार ने शुक्रवार देर शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उन 31 डिप्टी कलेक्टरों को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है, जो ट्रांसफर के बाद भी नए जगह पर जा नहीं रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, कुछ डिप्टी कलेक्टरों को कलेक्टर ने रोक लिया था तो कुछ अपनी जुगाड़ लगाकर उसी जगह पर पदस्थ रहना चाहते थे। इसे राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 17 जुलाई से

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का अगाज आगामी 17 जुलाई हरेली तिहार से होगा, जो 27 सितंबर 2023 तक चलेगा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक 16 खेल खेले जाएँगे। खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। जिला स्तरीय खेल का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) बेमेतरा में होगा। कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम से पहले परिसर में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। जिले में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे होंगे।

# कलेक्ट्रेट में किया गया ईवीएम का प्रदर्शन

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट में आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए मतदाताओं के समक्ष ईवीएम का प्रदर्शन किया गया। मतदाताओं से डमी वोट डलवाये गए और मतदान की प्रक्रिया को बताया जा रहा हैं। शाम 5 बजे तक तकरीबन 200 लोगों ने डमी मतदान किया और ईवीएम प्रक्रिया संबंधित जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने पहुंचकर कामकाज के सिलसिले में कलेक्ट्रेट आने वाले नागरिक, मतदाताओं को दी जा रही मतदान संबंधी जानकारी मौजूद कर्मचारियों राजेश, चेतन और संतोष से ली।

उन्होंने ईवीएम के प्रक्रिया आदि के बारे में पूछा, मतदाताओं से भी बातचीत की। निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा आने वाले नागरिकों व मतदाता को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को ऑपरेट करने मतदान की प्रक्रिया एवं जरूरी बिंदुओं की विस्तार जानकारी दी जा रही हैं। इस मौके पर निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष नामदेव मौजूद थे। मतदाताओं को यह भी बात बतायी जा रही हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (जिसे ईवीएम भी कहा जाता हैं) इलेक्ट्रॉनिक साधनों का प्रयोग करते हुए वोट डालने या वोटों की गिनती करने के कार्य को करने में सहायता करती हैं।

ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को दो यूनिटों से तैयार किया गया हैं, कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट। इन यूनिटों को केबल से एक दूसरे से जोड़ा जाता हैं। ईवीएम की कंट्रोल यूनिट पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखी जाती हैं। बैलेटिंग यूनिट को मतदाताओं द्वारा मत डालने के लिए वोटिंग कंपार्टमेंट के भीतर रखा जाता हैं। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता हैं कि मतदान अधिकारी आपकी पहचान की पुष्टि कर सकें।ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के साथ मतदान पत्र जारी करने के बजाय, मतदान अधिकारी बैलेट बटन को दबाएगा जिससे मतदाता अपना मत डाल सकता हैं। मशीन पर अभ्यर्थी के नाम और प्रतीकों की एक सूची उपलब्ध होगीं, जिसके बराबर में नीले बटन होंगे। मतदाता जिस अभ्यर्थी को वोट देना चाहते हैं उनके नाम के बराबर में दिए बटन दबा सकते हैं।

## 16 को कवर्धा और 18 को पंडरिया में विधायक कार्यालय घेरेगी भाजपा

**कवर्धा/नवप्रदेश।** प्रदेश में विपक्ष की राजनीति कर रही भारतीय जनता पार्टी ने अब कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमीनी लड़ाई तेज कर दी है. भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में कांग्रेस की वादाखिलाफी और कांग्रेस विधायकों के द्वारा जनता के हित में कार्य न कर पाने के खिलाफ अब जमीनी लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है. जिले की दोनों विधानसभाओं में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता विधायक कार्यालय का घेराव करेंगे. पार्टी ने इस विरोध प्रदर्शन के लिए प्रभारी भी नियुक्त किए हैं. कवर्धा विधायक कार्यालय घेराव हेतु पूर्व विधायक अशोक साहू को तथा पंडरिया के विधायक कार्यालय घेराव के कार्यक्रम के लिए पूर्व संसदीय सचिव मोती राम चंद्रवंशी को प्रभारी बनाया गया है. भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने बताया कि कवर्धा में विधायक कार्यालय घेराव का कार्यक्रम 16 जुलाई रविवार तथा पंडरिया में विधायक कार्यालय घेराव का कार्यक्रम 18 जुलाई को होगा. इन कार्यक्रमों के प्रभारी अशोक साहू और मोती राम चंद्रवंशी ने बताया कि 16 तारीख को कवर्धा में भाजपा कार्यकर्ता दोपहर 1 बजे गांधी मैदान में एकत्रित होंगे।

# पद्म विभूषण तीजन बाई की तबीयत बिगड़ी, डॉक्टरों की निगरानी में

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रसिद्ध पड़वानी गायिका पद्मश्री एवं पद्मविभूषण तीजन बाई की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर हैं। वे गृह ग्राम गनियारी में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। तीजन बाई स्वास्थ्य विभाग की सतत् निगरानी में हैं। उनका निरंतर जांच एवं उपचार चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है। गौरतलब है कि दुर्ग जिले के कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीना के निर्देश पर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) की टीम तथा हमर क्लिनिक

गनियारी की चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपाली अग्निहोत्री, नर्सिंग दल एवं बीईटीओ सैय्यद असलम द्वारा आज 14 जुलाई को पद्म विभूषण तीजन बाई की स्वास्थ्य जांच की गई। तीजन बाई की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। वे स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की टीम के माध्यम से उनकी सेहत पर लगातार निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन के विशेष अभियान के तहत फि जियो एट होम परामर्श प्रदान भी किए जा रहे हैं। बता दें कि गुरूवार की रात तीजन बाई की तबीयत अचानक खराब हो गई। शुक्रवार को सीएम ने उनके परिजनों से फोन पर बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।


### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)
### ईश्तहार

राजस्व प्र.क्र. 202305100700039
अ/27 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दिग्विजय सिंह गुप्ता आ राधवेन्द्र सिंह गुप्ता साकिन - बानियापारा दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न 24 तहसीलव जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर कुल ख.नंबर 83रकबा 15.408 हें को अपने एवं अपने पुत्र हर्षवर्धन सिंह गुप्ता के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर विधिवत सुनवाई कर हल्का पटवारी को फर्द बंटवारा हेतु आदेशित किया गया था जिस पर हल्का पटवारी द्वारा फर्दबंटवारा तैयार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। फर्द बंटवाराकी प्रति संलग्न है।

अतः हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा के आधार पर उपरोक्त भूमि की खाता विभाजन किये जानें पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक18/07/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग
मामलेकी श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00005 भेडसर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आर-डी 202223430100900005

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम भेडसर के वर्तमान भूमिस्वामी धजारामपिता/पति टीकमपता भेडसर, ना. कांतिपिता/पति टीकमपता भेडसर.ना. रमेशपिता/पति- टीकमपता भेडसर, ना.सुनेति पिता/पति टीकमपता भेडसर, केवरा पिता/पति- टीकमपता भेडसर, रजनीपिता/पति टीकमपता भेडसर, गोदावरी पिता/पति- टीकमपता-भेड़सर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1318 (0.7800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोदावरीपिता/पति टीकमपता भेडसर, रमेश पिता/पति- पिताटीकमपता भेडसर, धजारामपिता/पति टीकमपता भेडसर, कांति पिता/पति- पिताटीकमपता भेडसर, रजनीपिता/पति टीकमपता भेडसर, सुनेति पिता/पति-पिताटीकमपता भेडसर, केवरापिता/पति टीकमपता भेडसर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/06/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयनायब तहसीलदारदुर्ग 2 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. -00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-5106228062023035

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी जासमीन पिता/पति स्व. जे. ए. खान पता वार्डनं. शकिल्ला मन्दिर वारपाराव जिला दुर्ग, फिरोज अहमदपिता/पति स्व. जे. ए. खान पता वार्डनं. वार्ड लुचकी पारा दुर्ग तह, व जिला दुर्ग, स्वीपरवीन पिता/पति स्व. जे. ए. खान पता- बाईनं. 07किल्लामन्दिर दुर्ग जिला भूमि खसरा क्रमांक 1035/31 (0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रियाज अहमद 07 किल्लामन्दिर के द्वारा धारितपिता/पति स्व.जे.ए. खानपता वार्डनं. 07 किल्लामा की पत वजिलादुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/07/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**लाठीचार्ज के विरोध में ...**

के साथ हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी और लोजपा सांसद प्रिंस राज भी थे। राजभवन जाने से पहले विजय सिन्हा ने कहा कि राजयपाल विधानसभा के कस्टोडियन होते हैं। उन्हें राज्य की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएंगे। राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचारियों को बचाने की है। ये अपराध और भ्रष्टाचार को दबाने और छुपाने में जुट गए हैं। दूसरी ओर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर कल के प्रदर्शन मे हुए लाठीचार्ज में महागठबंधन की सरकार दोषी है तो किसान प्रदर्शन में हुए किसानों की मौत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं। क्या वो जिम्मेदारी लेंगे।

**बीजेपी ने किया मौन प्रदर्शन :** सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीजेपी के विधायकों ने सदन के बाहर मौन प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों के मुंह पर काली पट्टी और हाथों में सरकार विरोधी तख्तियां नजर आईं। भाजपा आज काला दिवस मना रही है। पार्टी का दावा है कि कल प्रदर्शन के दौरान हुए पुलिस लाठीचार्ज में उनके जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गई। जिसके विरोध में काला दिवस मनाया जा रहा है।

**चुनावी बॉन्ड की अपारदर्शी...**

नहीं है। इस बारे में कोई पूछताछ करने वाला नहीं है। यह सब भाजपा सरकार कि उस मनमानी के कारण हुआ है। पहले कंपनियों को बताना पड़ सकता था कि किस पार्टी को कितना पैसा दिया है लेकिन अब इस व्यवस्था को हटा दिया है और चुनावी बॉन्ड से पार्टियों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी बना दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण इलेक्टोरल फंडिंग गैर-पारदर्शी हो गई। इस बॉन्ड के खिलाफ चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, आरबीआई सभी की आपत्तियां थीं। लेकिन इसे मनी बिल की तरह पारित किया गया है। इस एक मनी बिल के जरिए भजपा ने विधायकों को खरीदने और सरकारें गिराने का काम किया है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)
### // सूचना //

क्रमांक 2310/वलेलि/ग्रायांसेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 12/07/2023

कार्यालयीन निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु आदेशित किया जाता है। जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा क्रमांक 44/डी.एल. दिनांक 03.07.2023, विज्ञप्ति क्र. जी. 02975/1
2. निविदा क्रमांक 45/डी.एल. दिनांक 05.07.2023, विज्ञप्ति क्र. जी 03126/1
3. निविदा क्रमांक 46/डी.एल. दिनांक 05.07.2023, विज्ञप्ति क्र. जी 02122/2

जी-03324/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

निविदा क्रमांक 70/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड बलौदाबाजार, दिनांक 03.07.2023

### मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

''प्रपत्र-सी'' में लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 70/03.07.2023 | जल परीक्षण प्रयोगशाला भाटापारा के लिए आवश्यक उपकरण एवं रसायन प्रदाय करना | 14.22 | रु. 11000 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा संबंधी अन्य जानकारियां कार्यालयीन समय में खण्ड कार्यालय बलौदाबाजार के सूचना पटल पर देखी जा सकती है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 21.07.2023 है।

जी- 03317/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel. No. 07727-223138 E mail cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/974/रा.वि./न.पा./2023 बलौदाबाजार, दिनांक 14/07/2023

### // दुकान नीलामी सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के स्वामित्व अधीन निर्मित मुरूम तालाब चौपाटी को आरक्षण वर्ग अनुसार दुकान की नीलामी दिनांक 16.08.2023 दिन बुधवार को स्थान मुरूम तालाब चौपाटी बलौदाबाजार में दोपहर 12.00 बजे से किया जावेगा। अतः इच्छुक बोलीदार आरक्षण वर्ग अनुसार जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं मूल प्रति तता नो ड्यूस (कर बकाया नहीं) प्रमाण-पत्र सहित दिनांक 08.08.2023 दिन मंगलवार सायं 5.00 बजे तक आवेदन शुल्क 5000/- रु. जमा कर प्रस्तुत कर सकते हैं एवं दिनांक 11.08.2023 शुक्रवार अमानत राशि 30000 रुपए (अक्षरी तीस हजार रुपए मात्र) जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अमानत राशि बोली तिथि को नहीं लिया जावेगा। इस आशय की विस्तृत जानकारी नियम शर्तें कार्यालयीन समय में निकाय के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

| आरक्षण का विवरण | | | दुकानों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | आरक्षण की स्थिति | आरक्षित दुकान क्रमांक | नीलामी दुकान की संख्या क्रमांक एवं कुल क्षेत्रफल | | प्रिमियम राशि प्रति दुकान साईज के अनुसार |
| 1 | अनारक्षित 08 दुकान (एक दुकान महिला के लिए) | अनारक्षित-01,04, 07, 09, 11,14,16, 18 (दुकान क्र. 16 अनारक्षित महिला के लिए) | 18 दुकान (दुकान क्र. 01 से 18 तक) | 100 वर्गफीट | 294000.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति 06 दुकान (एक दुकान महिला के लिए) | अनुसूचित जाति-06.13,20,22,25 (दुकान क्र. 22 अनुसूचित जाति महिला के लिए) | 09 दुकान (दुकान क्र. 19 से 27 तक) | 80 वर्गफीट | 235000.00 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति 02 दुकान | अनुसूचित जनजाति-दुकान क्र. 02 एवं 05 | | | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग 06 दुकान (एक दुकान महिला के लिए) | अन्य पिछड़ा वर्ग-03, 10, 15, 19, 23,26 (पिछड़ा वर्ग के लिए) | | | |
| 5 | विधवा 01 दुकान | विधवा- दुकान क्र. 27 | | | |
| 6 | तृतीय लिंग 01 दुकान | तृतीय लिंग-24 | | | |
| 7 | विकलांग 01 दुकान | विकलांग- 21 | | | |
| 8 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 01 दुकान | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी-17 | | | |
| 9 | भूतपूर्व सैनिक 01 दुकान | भूतपूर्व सैनिक-08 | | | |
| 10 | शिक्षित बेरोजगार 01 दुकान | शिक्षित बेरोजगार-12 | | | |

टीप - निर्धारित तिथि में किसी अपरिहार्य कारणों से नीलामी नहीं होने की स्थिति में आगामी तिथि को नियत समय में नीलामी की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

# भ्रष्टाचार का मॉडल बना बकावंड का आदर्श गोठान

## निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं सरपंच और सचिव, कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शिकायत, कार्रवाई का मिला आश्वासन

रवि राज पटनायक

**बकावंड/जगदलपुर/नवप्रदेश:** जनपद पंचायत मुख्यालय बकावंड में स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा गोठान निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। गोधन न्याय योजना की आड़ में अपनी जेबें भरकर सरपंच और पंचायत सचिव गोवंश के साथ अन्याय करने पर आमादा हैं। मॉडल गोठान के रूप में विकसित किया जा रहा यह गोठान भ्रष्टाचार का मॉडल बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से करते हुए जांच की मांग की है।

बकावंडः बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड मे मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत के सचिव पर भ्रष्टाचार का तगड़ा आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए बस्तर कलेक्टर के पास शिकायत की है।ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा है कि बकावंड पंचायत में जब से ओंकार गागड़ा पदस्थ है तब से निर्माणाधीन सभी कार्यों भ्रष्टाचार जारी है। मूलभूत एवं 14वें वित्त के कार्यों पर भी पलीता लगाते हुए लीपापोती जारी है। यहां तक की गांव में बनने वाले शौचालय से लेकर नाली तक का पैसा खाने का आरोप सचिव पर लग चुका है, जिसकी ग्रामीणों ने बस्तर कलेक्टर से विषयवार जांच करने के लिए आवेदन दिया है। अपर कलेक्टर ने त्वरित जांच करने का आश्वासन दिया है।ज्ञात हो कि अखबारों की सुर्खियों में रहने वाले बकावंड पंचायत के सचिव के कारनामे किसी से छिपी नहीं है जिस पर पर्दा डालने पुरजोर कोशिश जारी है। बावजूद जनपद पंचायत के नाक के नीचे यह लाचार पंचायत है जिसका सचिव आसानी से ग्रामीणों को बेवकूफ बना रहा है और बस्तर विधायक के साथ अपने मधुर संबंध बताते हुए विधायक के नाम की छवि धूमिल कर रहा है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत मुख्यालय बकावंड में गोठान निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। शासन की मंशा यहां एक आदर्श गोठान बनाने की रही है, मगर सरपंच और सचिव इस निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। टंकी बनाने में बहुत ही कम सीमेंट का उपयोग हुआ है। वहीं शेड भी बड़े हल्के स्तर के और आकार में बहुत ही छोटे बनाए गए हैं। शेड के नाम पर टीन की पतली चादर लगाई गई है, जो तेज हवा चलने पर थरथराने लगती है और उसके उड़ जाने का अंदेशा बना रहता है।

शेड में इस्तेमाल किए गए लोहे के पिलर और एंगल भी निहायत ही घटिया हैं। वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए टंकी स्तरहीन बनाई गई है। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण सामग्री बहुत ही घटिया किस्म का है। घटिया सामग्री उपयोग कर सरपंच और सचिव रकम डकार गए हैं, ऐसा आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। कहने को तो यह एक आदर्श (मॉडल) गोठान है, मगर यह अन्य पंचायतों के लिए रोल मॉडल बन सके ऐसा किसी भी एंगल से नजर नहीं आता।

बल्कि यह गोठान भ्रष्टाचार का मॉडल जरूर साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत के दस्तावेजों में गोठान के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाने का उल्लेख हुआ है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। आज तक गोठान का काम पूरा नहीं हो सका है। आधे अधूरे गोठान को मॉडल गोठान का नाम दिया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व उच्च अधिकारी गोठान का निरीक्षण करने आए थे। तब अधिकारियों ने निर्माण में गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग करने तथा कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन सरपंच और सचिव ने अपना रवैया नहीं बदला। उन्होंने घटिया सामग्री का उपयोग कर शासन को चूना लगाने का खेल जारी रखा।

ग्रामीणों ने बताया कि गोठान निर्माण में बाल श्रमिकों से कार्य करवाकर श्रम कानून की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। इस संबंध में सरपंच सचिव से जानकारी लेने पर उन्होंने अपना पल्ला झाड़ लिया है। धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। अब तक गोबर की खरीदी भी प्रारंभ नहीं हो पाई है। ज्ञात हो कि अखबारों की सुर्खियों में रहने वाले बकावंड पंचायत के सचिव के कारनामे किसी से छिपी नहीं है जिस पर पर्दा डालने पुरजोर कोशिश जारी है। बावजूद जनपद पंचायत के नाक के नीचे यह लाचार पंचायत है जिसका सचिव आसानी से ग्रामीणों को बेवकूफ बना रहा है और बस्तर विधायक के साथ अपने मधुर संबंध बताते हुए विधायक के नाम की छवि धूमिल कर रहा है।

नवप्रदेश फालोअप

### कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शिकायत

उधर ग्रामीणों ने सचिव पर भ्रष्टाचार का तगड़ा आरोप लगाते हुए बस्तर कलेक्टर के पास शिकायत किया है। ग्रामीणों ने कहा है कि बकावंड पंचायत में जब से ओंकार गागड़ा पदस्थ है तब से निर्माणाधीन सभी कार्यों भ्रष्टाचार जारी है। मूलभूत एवं 14वें वित्त के कार्यों पर भी पलीता लगाते हुए लीपापोती जारी है। यहां तक की गांव में बनने वाले शौचालय से लेकर नाली तक का पैसा खाने का आरोप सचिव पर लग चुका है। ग्रामीणों ने बस्तर कलेक्टर से विषयवार जांच करने आवेदन दिया है। अपर कलेक्टर ने त्वरित जांच करने का आश्वासन दिया है।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं

सरपंच सचिव को गोठान निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप मॉडल गोठान का निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण में खामियां मिली तो कार्रवाई की जाएगी

– एसएस मंडावी, सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

# जिला चिकित्सालय में रेडियोलाजिस्ट नहीं, मरीजों को दिक्कत : असरानी

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में जिला प्रशाशन एवं स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का दावा कर अपनी पीठ थपथपा रहा है परन्तु जिला चिकित्सालय के एकमात्र रेडियोलाजिस्ट विशेषज्ञ डॉ आर एल गंगेश के दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय बस्तर स्थानांतरण के पश्चात रेडियोलाजिस्ट विशेषज्ञ के आभाव में उपचार सुविधाये प्रभावित होंगी और मरीजों को आपातकालीन स्तिथि में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । डॉ आर एल गंगेश रेडियोलाजिस्ट विशेषज्ञ के स्थान पर डॉ कपिल देव कश्यप को दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा पदस्थापना कर भेजा गया है जिससे जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति नहीं होने के कारण उपचार हेतु मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । डॉ गंगेश लम्बे समय से दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय में अपनी सेवा देकर कार्य कर रहे थे ऐसे में डॉ गंगेश के स्थानांतरण से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाएं पभावित हुई है । जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मरीजों को एक्स रे एवं सी टी स्कैन के लिये 3 से 4 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है और आपातकाल स्तिथि में जगदलपुर जा कर इन लैब रिपोर्ट्स के लिये जांच करवाने से मोटी रकम चुकानी पड़ रही है इसलिए जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा की इस समस्या पर जिला प्रशाशन व स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द रेडियोलाजिस्ट विशेषज्ञ नियुक्त कर समाधान करना चाहिए ।

## नरवा विकास योजना से सिंचाई सुविधाओं में विस्तार

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** नरवा विकास योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका मूल उद्देश्य नदी-नालों एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन प्रदान करना है। आज नरवा विकास योजना ने राज्य के नरवा एवं जल स्त्रोतों के उपचारित करने, भूमिगत जल स्तर सुधार एवं मृदा क्षरण रोकने में महती भूमिका निभा रही है। योजना से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होने से अब किसान भी रबी फसल लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे है। जिले में जनपद पंचायत कुआकोंडा अंतर्गत नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी जैसी महत्वपूर्ण योजना से जल संरक्षण संवर्धन एवं ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्त्रोतों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। खेतों में लूज बोल्डर चेक डेम, मेढ़ बंधान कार्य होने से कृषकों को लाभ मिल रहा है। खेतों में पानी की सुविधा होने से कृषकों का कृषि के प्रति रुझान बढ़ा है। जिससे सभी किसानों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है ।

# पांच लाख से अधिक का उर्वरक खाद जब्त

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर पुलिस को अवैध उर्वरक खाद के मामले में बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने एक ट्रक से 5 लाख रुपये से भी अधिक कीमती अवैध उर्वरक खाद जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक में सवार दो व्यक्ति अवैध उर्वरक खाद लेकर उसे बेचने की फिराक में ग्राम धनपुंजी देवड़ा मंदिर जाने वाले मार्ग रेलवे क्रासिंग की तरफ जा रहे है. सूचना मिलते ही बस्तर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर नगरनार टीआई रविन्द्र कुमार (प्रशिक्षु आईपीएस) के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम को तत्काल ही मौके पर के लिए रवाना किया गया. पुलिस की टीम ने रेलवे क्रोसिंग के पास घेराबंदी करते हुए वहां से गुजर रहे एक ट्रक आरजे 34 जीए 2892 को पकड़ लिया. इसके बाद पुलिस ने ट्रक में सवार दो लोगों से पूछताछ करते हुए ट्रक की तलाशी ली. तलाशी के दौरान पुलिस ने ट्रक के डाला में से 297 नग पोटास और 12 नग यूरिया की बोरिया बरामद किया. जिसकी कीमत पुलिस ने 5 लाख 25 हजार रुपये से अधिक बताई है. इसके बाद पुलिस ने ट्रक सवार दोनों लोगों ने पकड़े गए उक्त उर्वरक खाद से सम्बंधित कागजात के बारे में पूछा. जिस पर पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने पुलिस को संतोषजनक जवाब नही दिया. जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों श्रीनिवास मीना (47) निवासी जिला करौली (राजस्थान) और शिवलाल (32) निवासी जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से एक 16 चक्का ट्रक, दो मोबाइल फ़ोन और 5 हजार 9 सौ रुपये नगद भी बरामद किया है. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अधिक जानकारी देते हुए सीएसपी ने बताया कि उक्त अवैध उर्वरक खाद को किसी अज्ञात व्यक्ति ने राजस्थान से आर्डर पर मंगवाया था. उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब्त अवैध उर्वरक खाद के साथ आरोपियों के पास से इंडस्ट्रियल सॉल्ट के नाम से एक बिल भी बरामद किया है। इसके अलावा सीएसपी ने उक्त खाद को डुप्लीकेट होने की आशंका जाहिर की है. आरोपियों के द्वारा इस अवैध खाद को बेचने के सरकारी बोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल मुख्य आरोपी की तलाश के साथ ही पुलिस के द्वारा कड़ी जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से 34 हितग्राही परिवार हुए लाभान्वित

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला दन्तेवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से विभागीय योजना राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा से -19, गीदम से -06, एवं कटेकल्याण से 09 कुल 34 हितग्राहियों को राष्ट्रीय परिवार सहायता डी0बी0टी0 के माध्यम से 6 लाख 80 हजार रुपये सहायता राशि भुगतान किया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के ऐसे मुखिया स्त्री या पुरुष जिनकी आमदनी से परिवार को अधिकांश खर्च चलता है तथा जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक एवं 59 वर्ष से कम हो प्राकृतिक, आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर परिवार के वारिस मुखिया को रुपये 20,000 की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, महिलाओं से छेड़खानी की रिपोर्ट

- पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कांकेर/चारामा।** चारामा थाना अंतर्गत ग्राम मूडखुसरा में दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट बलवा सहित महिलाओ से छेडखानी का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।थाना चारामा से मिली जानकारी अनुसार प्रकरण में 13 जुलाई को प्रार्थी निर्मला बाई साहू पति सुखराम साहू उम्र 55 वर्ष निवासी मुडखुसरा थाना चारामा आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि करीबन 03.00 बजे दोपहर को अपने घर बाड़ी में जा रही थी तभी पडोस के नरेश साहू मुझे देखकर माँ बहन की अश्लील गंदी गंदी गाली गलौच देने लगा तभी मेरे द्वारा मना करने पर नरेश साहू दौडकर आकर मेरे हाथ बॉह को पकड़कर बेईज्जत करने की नियत से नरेश साहू रजमत बाई उसकी बेटी प्रेमलता तीनों मिलकर मानबाई का रास्ता बंद करवाये हो बोलकर हाथ मुक्का से मारपीट किये है और धक्का देकर जमीन में गिरा दिये जिससे हाथ में चोट आया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 134 / 23 धारा 294,323, 354,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर मोहसीन खान एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चारामा के द्वारा एक टीम का गठन कर उप निरीक्षक सुमन धुर्वे के हमराह पुलिस बल घटना स्थल ग्राम मुडखुसरा भेजकर आरोपी पता तलाश किया गया जो आरोपीयान सकुनत पर उपस्थित मिलने पर पूछताछ करने पर तीनो आरोपीयों द्वारा अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से 14 जुलाई 23 को सभी तीनों आरोपीयों को गिर0 किया गया है एवं न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया है।थाना चारामा के अन्य प्रकरण में 13 जुलाई 23 को प्रार्थी रजमत बाई पति नरेश निवासी मुडखुसरा स्कुलपारा थाना चारामा जिला कांकेर छ0ग0 थाना चारामा आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 13 जुलाई को करीबन 03.00 बजे अपने घर में खाना खा रही थी कि तभी पडोस के रहने वाले सुखराम रामगुलाल साहू, भूपेश बलराम साहू, अश्वनी भागवत निर्मला साहू, कुन्ती रेवती, मानबाई सभी एक राय होकर मेरे घर अंदर आकर माँ बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुए तुम लोग हमारे खिलाफ पुलिस में शिकायत करते हो बोल कर मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे तभी मेरी लड़की प्रेमलता साहू मुझे छुड़ाने लगी तो बलराम और कुन्ती ने पुत्री प्रेमलता को बाहर ले गये और भूपेश साहू ने पुत्री प्रेमलता के सीना को दबाते हुए छेड़छाड़ करने लगा और बाकी सभी लोग मिलकर मेरे पति नरेश साहू और दामाद ईश्वर साहू को भी गाली गलौच कर मारपीट किये है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 135 / 23 धारा 294.323.506.452, 354.147,427 भादंवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले मे दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर मोहसीन खान एसडीओपी कांकेर को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चारामा के द्वारा एक टीम का गठन कर सहायक उप निरीक्षक कलावती थापा के हमराह पुलिस बल घटना स्थल ग्राम मुडखुसरा भेजकर आरोपी पता तलाश किया गया।

# संवाद कार्यक्रम में समाजसेवी अजय मोटवानी सम्मानित

**कांकेर/नवप्रदेश।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी को उनके उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कोण्डागांव ज़िला में हुए संवाद कार्यक्रम के मंच पर सम्मान किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर सांसद मोहन मंडावी बस्तर सांसद तथा नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष दीपक बैज भाजपा के पूर्व मंत्री केदार कश्यप कोण्डागांव विधायक व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के हाथो उनका सम्मान किया गया है। यह सम्मान समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी को उनके समाजसेवा लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार सहित अनेक प्रकार की सामाजिक एवं पर्यावरणीय सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा एवं सराहना की। सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए अजय पप्पू मोटवानी ने अपने वक्तव्य में बताया कि समाज सेवा लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार हम लोगों के लिए अत्यंत संतोष का विषय है। कई बार मृत व्यक्ति के परिजन भी लाश को लेने से या अंत्येष्टि करने से इंकार कर देते हैं इस विकट स्थिति के बावजूद समाजसेवी संस्था उनका भी अंतिम संस्कार किया जाता है सारी प्रक्रिया में प्रशासन के आदेश से करते हैं।पिछले दो ढाई वर्षो से हमने एक दैनिक कार्यक्रम भी शुरू किया है। रात्रि भोजन के उपरांत 10 बजे जिला अस्पताल में जाकर मरीजों की सेवा करना जहां हमारे जाने का टाइम तो निश्चित है लेकिन वापस आने का कोई समय तय नहीं होता।यदि कोई मरीज़ आर्थिक रूप से लाचार है या किसी को भोजन नहीं मिला है तो उसकी भी व्यवस्था हमारे संगठन द्वारा की जाती है। इन सब सेवाओं के लिए मैंने आज तक एक रुपया चंदा भी किसी से नहीं लिया है और जब तक जीवित हूं, नहीं लूंगा।अस्पताल के अंदर हम लोग डॉक्टर बुलाने, एंबुलेंस लाने मरीजों की शिफ्टिंग करने स्टॉफना होने पर ड्रेसिंग करने आदि हर प्रकार के कार्य परमार्थ हेतु करते हैं। सेवा कार्य मेरे तथा मेरी संस्था जनसहयोग के सदस्यों के लिए अत्यंत संतोष की बात है । संतोष ही हमारा पुरस्कार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार समाजसेवी राजनीतिक दलों के अलावा स्थानीय लोग शामिल हुए।

**अपराध** — बरामद सात गोधन को पुलिस ने देखरेख के लिए नगर पंचायत के हवाले किया

# कसाईखाने ले जा जाते दो तस्कर गिरफ़्तार

**कांकेर/पखांजूर/नवप्रदेश।** पखांजूर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की पिकप वाहन में मवेशियों को कुरूता पूर्वक ले जाया जा रहा है।थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को मवेशियों की तस्करी करते पकड़कर गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया है।

पखांजूर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के कुशल मार्गदर्शन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुजुर के पर्यवेक्षण में 12ङ्क13 जुलाई के दरमियानी रात जरिए मुखबीर पखांजूर पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में 7 से 8 गोधन को दौड़दे कादर थाना बड़गांव तरफ से ठूंस ठूंसकर भरकर बूचड़खाना महाराष्ट्र की ओर ले जाने वाला है की सूचना पाकर थाना प्रभारी पखांजूर के नेतृत्व में पखांजूर पुलिस की टीम सूचना तस्दीक एवं करवाई हेतु कापसी के पास चेक पोस्ट लगाकर मुखबिर सूचना के आधार पर एक पिकप जो तालपत्री से ढका हुआ था को रोकने का प्रयास किया जो किनारे से अपने वाहन को निकालते हुए भागने का प्रयास किया तब पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल पिकअप वाहन का पीछा करते हुए पीवी 36 के पास घेराबंदी कर रोककर पूछताछ किया जिसमें पशु तस्कर नोनी गोपाल तथा ड्राइवर संतोष द्वारा 7 नग पशुधन को महाराष्ट्र बूचड़खाना तरफ बिक्री के लिए ले जाना स्वीकार किया व किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज नहीं होना बताने पर विधिवत धारा 4,6,10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम,1960 के तहत कार्यवाही कर गोधन को पखांजूर पुलिस के द्वारा सभी पशुधन का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सुरक्षित देखरेख वास्ते नगर पंचायत पखांजूर को सौंपा गया एवम् दोनो आरोपी

नोनी गोपाल गाईन पिता सुधांशु गाईन उम्र 46वर्ष निवासी पीवी 34 प्रेमनगर थाना पखांजुर प्रसंतोष मंडल पिता परितोष मंडल 27 वर्ष निवासी पीवी 114 थाना पखांजूर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना पखांजूर प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख के नेतृत्व में बलदाऊ भट्ट रवींद्र ठाकुर राजेश साहू, आर.पवन महेश दर्रो डोमेशवर यामले उमेश नेताम का उत्कृष्ट योगदान रहा।


केनरा बैंक Canara Bank — शाखाः जी.ई, रोड, रायपुर (छ.ग.)

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | मेसर्स प्रेशिका मल्टीट्रेड एण्ड इन्फ्रा प्रा.लि., श्री सुरेश निहीचलानी (निदेशक) पिता- श्री इदन दास निहीचलानी एवं श्री विजय कुमार निहीचलानी (निदेशक) पिता- श्री इदन दास निहीचलानी एवं श्रीमती संध्या निहीचलानी (बंधककर्ता सह जमानतदार) | 1. श्रीमती कंचन निहीचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्पेसिया, प्रथम तल में स्थित आवासीय फ्लैट नं 101. चौहद्दीः दक्षिण की ओर- फ्लैट नं. 102, उत्तर की ओर- गली, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 104, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 103. 2. श्रीमती संध्या निहीचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्पेसिया, प्रथम तल में स्थित आवासीय फ्लैट नं 103. चौहद्दीः दक्षिण की ओर - गली, उत्तर की ओर - फ्लैट नं. 104, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 102, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 102. | ₹ 63,44,209.77 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ । | 13.04.2023 / 11.07.2023 |

पति- श्री सुरेश निहीचलानी एवं श्रीमती संध्या निहीचलानी (बंधककर्ता सह जमानतदार) पति- विजय कुमार निहीचलानी.

दिनांक : 14.07.2023, स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# दिगंबर जैन मुनि की हत्या, रोष व्याप्त

## सकल जैन समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** दिगंबर जैन समाज के सचिव रविकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 5 जुलाई 2023 को कर्नाटक के बेलगावी जिले के चिकोड़ी गांव में दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी जी की निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध ने पूरी मानवता को शर्मसार करने जैसी घटना को अंजाम दिया है। कर्नाटक में घटी इस घटना से पूरा जैन समाज आहत है, इस घटना की उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग सकल जैन समाज ने की है। रविकांत जैन

ने बताया कि दिनांक 12 जुलाई 2023 दिन बुधवार को इस घटना से आहत जैन समाज के सदस्यों ने सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल रैली निकालकर उक्त घटना का विरोध किया एवं रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां पर राजनांदगांव के कलेक्टर डोमन सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी एवं कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है, जिससे की भविष्य में धर्मगुरुओं पर दोबारा कोई अपराधी ऐसा जघन्य अपराध करने की चेष्टा ना करें।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सकल जैन संघ के अध्यक्ष मनोज वैद्य, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झाझरी, खूबचंद पारख, पूनम जैन, राजेन्द्र सुराणा, सुभाष जैन, प्रभात जैन, श्रीचंद कोचर, मनीष छाजेड़, कमलेश जैन, यश जैन, पंकज जैन, राजेश गोलछा, संजय विद्याश्री, नरेश गोलछा, राहुल जैन, दीपक कोठारी, नमिताभ जैन, उत्तमचंद बाफ्ना, राजीव जैन, आकाश चोपड़ा, विष्णु अग्रवाल, घनश्याम वाधवा, सुदेश जैन, नरेश जैन, सुधीर जैन, शिरीष जैन, नमन जैन, राजीव जैन, सुशील छाबड़ा, दीपक मोदी, निखिल जैन, विनय जैन, अखिलेश जैन, अंशुल जैन, नितिन जैन, धर्म चंद बोहरा, भावेश बैद, सुदेश जैन, सुरेश गांधी सहित सैकड़ों की संख्या में दिगंबर जैन एवं सकल जैन संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत की भूमि में जन्म होना ही सौभाग्य : हरिवंश दास

**खरोरा/नवप्रदेश।** कुर्मी बोर्डिंग,छात्रावास तिल्दा नेवरा में चल रही पांच दिवसीय श्रीभक्तमाल कथा के चौथे दिवस सत्संग में अंचल के भक्तों द्वारा भीड़ उमड़ रही है। इस क्षेत्र में भक्तों के चरित्रों की गायन कथा का होना चूंकि पहली बार है,जिसके कारण सावन मास में सत्संग का श्रवण का महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ देखते नहीं बन पा रही है।भक्त आस पास गांवों से गाड़ी करके कथा श्रवण का लाभ लेने पहुंच रहे है। गौरतलब है कि यह आयोजन जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति व सोमनाथ सेवा

संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन में सहभागिता दे रहे है,युवा साथियों का कहना है कि जब निस्वार्थ रक्तदान कर मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ कर तो रहे है साथ ही साथ भक्तमाल कथा की आयोजन कर लोगो में संस्कार की गंगा बहाने का थोड़ा प्रयास है।युवा साथी मिलकर युवा महाराज वृंदावन धाम की बहुत कम उम्र में (17 वर्ष) आचार्य हरिवंशदास जी महाराज जी को कथा प्रवचन हेतु सनिवेदन किया गया।

# सरकार का हाथ मजबूत करने में जुटे तरूण

- लगातार कर रहे विधानसभा क्षेत्र का दौरा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं, फैसलों और सर्वहारा वर्ग हेतु किए जा रहे कामों के प्रचार-प्रसार में जुटे कांग्रेस नेता तरुण सिन्हा लगातार खुज्जी विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। वे रोजाना अलग-अलग क्षेत्र में ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव की चौपालों में चर्चा और मुलाकात में व्यस्त हैं। सरकार के हाथ मजबूत करने में जुटे नेता तरुण सिन्हा

ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं और सफलता पर बात कर रहे हैं।

ग्रामीणों के बीच पहुंच रहे तरुण सिन्हा ने कहा कि-भूपेश सरकार के कामों को हर वर्ग सराह रहा है। ग्रामीण आबादी को इस सरकार ने बड़ा लाभ दिया है और उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करने की दिशा में काम किया है। किसान न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजूदर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना से मिल रहे सीधे लाभ ने तरक्की का रास्ता दिखाया है। पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े छत्तीसगढ़िया व्यक्ति बड़ा लाभ अर्जित कर पा रहा है।

ग्रामीणों के साथ गांव की चौपाल में सिन्हा ने कहा कि-दाई-दीदी भी सक्षम हो रही हैं। बिहान समूह, गौठान, रीपा जैसी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। सी मार्ट जैसे उद्यमों में महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हो रही है। वर्मी कंपोस्ट बेचकर भी महिला समूहों सशक्त हो रहे हैं। इससे कृषि सुधारों को भी बढ़ावा मिला है। युवाओं को राजीव युवा मितान क्लब के सहारे संस्कृतिक, खेल से जोड़ने का प्रयास सरकार ने किया है। दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिक, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक जैसी योजनाओं ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा सकारात्मक बदलाव भी लाया है।

# शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने नई कार्य योजना बनी

- हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूलों के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर फोकस

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यो की बैठक लेकर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए नई कार्य योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बोर्ड के परीक्षा परिणामों में सुधार लाया जायेगा। नई कार्य योजना स्कूलों के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर फोकस रहेगा।

साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्कूलों में नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित की जायेगी। इस कार्य योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें जिला स्तर पर आवासीय विद्यालय के माध्यम से मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करवाई जायेगी। विद्यार्थियों के शिक्षण स्तर को बेहतर करने के लिए प्रत्येक सप्ताह शनिवार को और महीने में एक बार टेस्ट परीक्षा आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक माह में जिले के टॉप 30 विद्यार्थियों की मेरिट सूची जारी कर उन्हें और पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही कमजोर बच्चों को सिखने और समझने में विशेष मदद की जायेगी। इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने पिछले बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के प्राचार्यो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही लगातार अच्छा रिजल्ट देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. चौहान, डीएमसी के.एस. नायक, प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी द्वय श्याम चन्द्राकर, मनोज केला, जिले के सभी बीईओ, बीआरसीसी एवं प्राचार्यगण मौजूद रहे।

# महिलाएं समाज के लिए कर सकती हैं बड़ा काम : फुलबासन

**खरोरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की महिला समूहों का बनाया हुआ उत्पाद अब ऑनलाइन बाजार में बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे।

महिला सशक्तिकरण के लिए जानी पहचानी व्यक्तित्व पद्मफुलबासन यादव ने खरोरा में महिला समूह को संबोधित किया और कहा कि जिस तरह से एक महिला अपने परिवार के लिए मेहनत करती है जी जान लगा देती है उसी तरह से वह अपने समाज अपने प्रदेश और अपने देश के लिए भी बड़ा काम कर सकती है महिला समूह को आवाहन करते हुए पद्मफूलबासन यादव समूह को आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देते

नजर आए प्रदेश भर में हजारों महिला समूह काम कर रही हैं यह महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट बनाती हैं और इन्हें बाजार की जरूरत होती है ऐसे में उन्होंने अपने प्रयास का उदाहरण देते हुए कहा मोर बाजार मोर रोजगार अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव जिले की महिला समूह लगातार आत्मनिर्भर हो रही है और पूरा प्रदेश इस आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ें इसलिए वह लगातार प्रदेशभर की महिला समूह को संगठित कर रही हैं और मोर बाजार मोर रोजगार के नारे के संग छत्तीसगढ़ की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनके उत्पादों को बाजार देने का बीड़ा उठाई है।

# खरीफ फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध

**गरियाबंद /नवप्रदेश।** जिले में इस वर्ष समय पर अच्छी वर्षा होने से धान एवं अन्य फसलों की बोनी जोरों से चल रही है। जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। कृषि विभाग के उप संचालक संदीप भोई ने बताया कि जिले के सहकारी समितियों में सहकारी समितियों में 24 हजार 575 क्विंटल धान, 6.40 क्विंटल रागी (मड़िया), 28.80 क्विंटल कोदो सहित अन्य बीज पर्याप्त मात्रा में भण्डारण किया गया है। जिसमें से अब तक 18 हजार 694 क्विंटल धान बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है। सभी सहकारी समितियों में धान बीज के साथ-साथ अन्य फसलों के बीज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने किसान भाईयों को अपील की है कि वे अधिक उत्पादन के लिए खेतों में प्रमाणित बीज अथवा अधिकृत स्त्रोत से प्राप्त बीज का ही उपयोग करें। इसी प्रकार सहकारी समितियों में यूरिया 10 हजार 346 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 2017, डी.ए.पी. 8317, पोटाश 1041, एन.पी.के. 1176 मीट्रिक टन इस प्रकार कुल 22 हजार 897 मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है, जिसमें से 15 हजार 680 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण हो चुका है। वर्तमान में सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

# रोजगार सहायक लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर

**नरारी/नवप्रदेश।** नगरी ब्लाक 102 ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक संघ ,जिला-धमतरी (छ.ग.)पंजीयन क्रमांक 2307/2008 के दारा दिन गुरूवार को रावण भाटा मैदान नगरी हडताल पर बैठे हुए हैं जिसमे, कि छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ के प्रान्तीय आह्वान पर अपनी सहसचिव दिपक जैनलंबित 02 सूत्रीय मांगो को लेकर जनपद पंचायत नगरी के समस्त ग्राम रोजगार सहायक दिनांक 12/07/2023 को एक दिवसीय जिला स्तरीय रैली एवं दिनांक 13/07/2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में किया गया जिसमें ग्रेड पे निर्धारण करते हुए नियमितिकरण किया जायें।नियमितिकरण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का सिविल सेवा

आचरण पंचायतीराज अधिनियम 1966 पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जायें। जिसमे अध्यक्ष लोमराज साहू डोमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष उपाध्यक्ष रविकला साहू कोषाध्यक्ष परमेश्वर साहू मिडिय प्रभारी राजेश बोटले रोशन कश्यप सुनिल कुमार मरकाम प्रवक्ता अध्यक्षग्राम रोजगार सहायक संघ बलाक ईकाई नगरी प्रतिलिपि हरिश कुमार साहू कार्यकरणी सदस्य ओमप्रकाश साहू कैलाश यादव राजेश कुमार बोटले प्रभारी क्र. चितन करण अम्बिका सैन जिला डिगेश्वर साहू समस्त रोजगार सहायक उपस्थित थे जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय नगरी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी व मुख्य अधिकारी नगर पंचायत नगरी को ज्ञापन सौंपा गया है।

# कलेक्टर और डीएफओं पहुंचे टिशु कल्चर सागौन वृक्षारोपण देखने

**कवर्धा/नवप्रदेश।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के साथ किसानों के आय में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई राज्य शासन की महत्वाकांमुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का जिला प्रशासन द्वारा कबीरधाम जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे और वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बोड़ला विकासखंड के ग्राम अमरौड़ी में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजनांतर्गत सकरी नदी किनारे रोपित टिशु कल्चर सागौन वृक्षारोपण का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्थानीय ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत् वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा जिले से समस्त क्षेत्रों में इस योजना के तहत् वृहद वृक्षारोपण करने की अपील की। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बताया किया 21 मार्च 2023 को किसान मोहम्मद हाशिम खान के भूमि पर लगभग एक फीट का टिशुकल्चर सागौन पौधा रोपित किया गया था जो आज लगभग 06 फिट हो गया है। उन्होंने बताया कि कवर्धा वनमंडल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के कुल 432 हितग्राहियों के द्वारा 780 एकड़ भूमि में मिलिया डुबिया, क्लोनल नीलगिरी, सफेद चंदन, टिशु कल्चर सागौन, साधारण रूट शूट सागौन, साधारण बांस, रक्त चंदन, टिशु कल्चर बांस एवं अन्य प्रजाति के कुल 347353 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।

यहां बताया गया कि मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत् हितग्राहियां को 5 एकड़ भूमि पर (प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधे) पौधों के रोपण के लिए 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा एवं 5 एकड़ से अधिक भूमि पर (प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधे) पौधों के रोपण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत राशि कृषकों को स्वयं वहन करना होगा।

# ओएमजी 2 में पंकज त्रिपाठी की मदद करते दिखाई देंगे भगवान शंकर



लीक हुई ओह माय गॉड 2 की कहानी, पंकज त्रिपाठी की मदद करते दिखाई देंगे भगवान शिवअक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म ओह माय गॉड 2 जल्द ही रिलीज होने वाली है। दर्शकों को इस फिल्म के पोस्टर और टीजर काफी पसंद आया है। अब वे इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ओह माय गॉड के पहले पार्ट को भी लोगों का अछा रिस्पॉन्स मिला था। ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कहानी होमोफोबिया पर बेस्ड है। ये कहानी इंडियन स्कूल में सेक्स एजुकेशन जरूर करने के इर्द-गिर्द घूमती है। वहीं अब खबरें आ रही हैं कि फिल्म का प्लॉट किसी रेडिट अकाउंट पर लीक हो गया है।लीक हुई ओह माय गॉड 2 की कहानी

लीक हुई कहानी की मुताबिक फिल्म की कहानी एक गे लड़के पर बनाई गई है, जिसे कॉलेज स्टूडेंट्स काफी बुली करते हैं। आखिरकार वो लड़का सुसाइड कर लेता है। जिसके बाद इस घटना से टूट चुके कॉलेज प्रोफेसर पंकज त्रिपाठी कोशिश करते हैं कि कॉलेज सेक्स में एजुकेशन अनिवार्य हो, ताकि स्टूडेंट्स को जानकारी मिले और ऐसा घटनाएं न हो। फिल्म के अनुसार इसका विरोध धार्मिक लोग करते हैं और इसे ईश्वर की रचना के खिलाफ मानते हैं। इस कहानी में भगवान शिव यानी अक्षय कुमार की मदद ली गई है। लीड रोल में हैं ये कलाकार

बता दें कि फिल्म ओह माय गॉड 2 में पंकज त्रिपाठी शिव भक्त प्रोफेसर की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। वहीं यामी गौतम वकील के किरदार में नजर आएंगी। अक्षय कुमार शिव जी के रोल में होंगे। हालांकि इस बात की कोई अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है कि फिल्म की ये कहानी सच है या नहीं। ओह माय गॉड फिल्म में अक्षय कुमार भगवान कृष्ण के रूप में दिखाई दिए थे। अक्षय के साथ परेश रावल भी लीड रोल में थे।

## आगामी डांस रियलिटी शो हिप-हॉप इंडिया में दिखाई देंगे रेमो डिसूजा

रोबोट', एबीसीडी 2', बाजीराव मस्तानी' और स्टूडेंट ऑफ द ईयर' जैसी कई भारतीय फिल्मों के डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा जल्द ही आगामी डांस रियलिटी शो हिप-हॉप इंडिया' में अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

रियलिटी शो के साथ जुडने की घोषणा करते हुए रेमो डिसूजा ने अपने सोशल मीडिया पर शो का एक पोस्टर साझा किया, जिससे डांस प्रेमियों के बीच शो को लेकर काफी उत्साह पैदा हो गया।

रेमो डिसूजा के साथ शो में हर हफ्ते एक नया सेलिब्रिटी डांस जज होगा। इसके अलावा एक और जज यह तय करेगा कि भारत की अगली बड़ी हिप-हॉप सनसनी का ताज किसे पहनाया जाएगा। यह जज कौन होगा, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। शो पर टिप्पणी करते हुए रेमो ने कहा कि मुझे लगता है कि डांस शब्दों और भावनाओं से परे है और इसने मुझे वह सब कुछ हासिल करने में मदद की है जो आज मेरे पास है। हिप-हॉप विशेष रूप से मुझे जीवन के प्रत्येक क्षण में जीवंत महसूस कराता है। हिप-हॉप इंडिया का लक्ष्य उभरते हिप-हॉप कलाकारों को सबसे बड़ा मंच प्रदान करना है। यह शो जल्द ही अमेजन मिनीटीवी पर स्ट्रीम होगा।

# बिग बॉस' में वही रह सकता है, जो राजनीति का आदी हो: आरती सिंह

'बिग बॉस 13' की कंटेस्टेंट रह चुकी आरती सिंह ने शो में रहने के लिए एक आसान जगह नहीं होने पर अपने विचार साझा किए हैं।

हाल ही के एक एपिसोड के दौरान, साइरस ब्रोचा ने कहा कि वह 'बिग बॉस ओटीटी 2' के घर के अंदर रहने के दबाव से नहीं निपट सकते और उन्होंने बिग बॉस के साथ-साथ होस्ट सलमान खान से उन्हें चल रहे रियलिटी शो से बाहर निकलने की अनुमति देने का आग्रह किया। हालांकि, सलमान और बिग बॉस ने उनसे कहा कि जब तक दर्शक उन्हें शो से बाहर नहीं कर देते, तब तक उनके पास यह विकल्प नहीं है आरती सिंह ने साइरस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिग बॉस का घर वास्तव में लोगों को बर्बाद कर सकता है, खासकर उन लोगों को जो राजनीति में माहिर नहीं हैं या उनमें धैर्य की कमी है।

उन्होंने कहा, यह उन लोगों के लिए बहुत थका देने वाला हो सकता है जो राजनीति के आदी नहीं हैं और उनमें धैर्य की कमी है। वे फंसा हुआ महसूस कर सकते हैं और छोड़ना चाहते हैं। हालांकि हार न मानने में ही उनकी ताकत है।

उन्होंने कहा, उन्हें किसी को कुछ भी साबित नहीं करना है, यह उनकी अपनी यात्रा है। यहां तक कि मुझे भी पैनिक अटैक का सामना करना पड़ा है, लेकिन किसी भी स्थिति से अधिक मजबूत होना होगा। मुझे यकीन है कि वह इससे लड़ेंगे। 'बिग बॉस ओटीटी 2' जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होता है।

## सोना चांदी के दाम में उछाल

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में भारी उछाल दर्ज की गई. ग्लोबल बाजार में सोने के दाम बढने के बाद अब घरेलू बाजार में भी ऊंचाई पर जा रहे हैं. चांदी भी आज जोरदार बढ़त के साथ कारोबार कर रही है और इसके दाम में तेजी के पीछे घरेलू इंडस्ट्रियल डिमांड को कारण माना जा सकता है. जिसके चलते ये उछाल देखने को मिल रही हैं.

एमसीएक्स पर आज सोना 111 रुपये की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है. सोना 58884 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर है और ये इसके अगस्त वायदा के दाम हैं. सोना आज नीचे में 58854 रुपये तक पहुंच गया था और ऊपर में 58910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक ऊपर था.

**चांदी में आयी उछाल:** चमकीली मेटल चांदी के दाम आज 300 रुपये से ज्यादा चढ़ चुके हैं. चांदी में आज 333 रुपये या 0.47 फीसदी की उछाल देखी जा रही है और ये 71450 रुपये प्रति किलो के रेट पर कारोबार कर रही है. चांदी के ये दाम इसके सितंबर वायदा के लिए हैं. चांदी में आज नीचे की तरफ 71333 रुपये प्रति किलो और ऊपर की तरफ 71454 रुपये प्रति किलो के रेट देखने को मिले हैं।

# जी ले जरा में प्रियंका चोपड़ा की जगह नहीं लेंगी अनुष्का

फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। ये फिल्म इस समय काफी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म की जब घोषणा की गई थी, तो प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ स्क्रीन शेयर करने वाली थीं। लेकिन कुछ समय पहले खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह अनुष्का शर्मा फिल्म में नजर आएंगी। अब खबरें मिल रही है कि अनुष्का ने भी फिल्म के ऑफर को ठुकरा दिया है। अनुष्का इस फिल्म पर काम नहीं करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जी ले जरा के लिए मेकर्स ने अनुष्का शर्मा का अप्रोच किया था।अनुष्का ने ठुकराया %जी ले जरा% का ऑफर

बता दें कि साल 2021 में जी ले जरा फिल्म की घोषणा की गई थी। जिसमें प्रियंका चोपड़ा, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट पहली बार साथ नजर आने वाले थे। प्रियंका के रिप्लेसमेंट में अनुष्का को अप्रोच किया गया था।

लेकिन खबरें हैं कि अनुष्का ने भी इस ऑफर को ठुकरा दिया है। दरअसल अनुष्का ने तारीख मैच न होने के कारण इस फिल्म को मना कर दिया है। अनुष्का इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए काफी एक्साइटेड थीं, लेकिन जिस तारीख पर मेकर्स उनके साथ काम करना चाहते थे, उस समय वे बिजी हैं। साथ ही ये डेट्स आलिया और कैटरीना के साथ भी मैच नहीं हो पा रही थी।फिल्म पर रोका गया काम

बताया जा रहा है कि कास्टिंग की प्रॉब्लम के कारण फरहान ने फिलहाल इस फिल्म को रोक दिया है। वे अब आमिर खान के साथ अपने अपकमिंग असाइनमेंट पर ध्यान दे रहे हैं। वे फिल्म एक स्पैनिश स्पोर्ट्स कॉमेडी की रीमेक पर काम कर रहे हैं। साथ ही वे रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 में भी नजर आने वाले हैं। प्रियंका फिलहाल हॉलीवुड करियर को अपना ज्यादा वक्त देना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने इस फिल्म को छोड़ने का फैसला किया है। अनुष्का के वर्कफ्रंट की बात करें, तो वे जल्द ही चकदा एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं, जो कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## गूगल डूडल में पानी पुरी कर रहा ट्रेंड

**नई दिल्ली।** गूगल डूडल आज दक्षिण एशिया के लोकप्रिय स्ट्रीट फूड पानी पुरी को सेलिब्रेट कर रहा है. 12 जुलाई 2015 को, मध्य प्रदेश के एक रेस्तरां ने 51 विकल्प पेश करके पानी पुरी के सबसे अधिक फ़्लेवर परोसने का विश्व रिकॉर्ड हासिल किया था. पानी पुरी भारत का एक लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है, जो सब लोगों को पसंद आता है. पानी पुरी आलू, छोले, मसाले या मिर्च और सुगंधित पानी से भरी हुई कुरकुरी खोल से बनी होती है. यह पुचका, गोल गप्पा आदि जैसे विभिन्न नामों से पूरे भारत में एक प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड है. आज के डूडल गेम में खिलाड़ी को स्ट्रीट वेंडर टीम को पानी पुरी का ऑर्डर पूरा करने में मदद करने का मौका दिया जाता है. खिलाडि?ों को ऐसी पूडि?ाँ चुननी होंगी जो प्रत्येक ग्राहक के स्वाद और मात्रा की प्राथमिकता से मेल खाती हों ताकि वे संतुष्ट रहें.पनी पुरी के कई क्षेत्रीय रूप भी हैं, और पानी पुरी को लेकर हर किसा का स्वाद और पसंद अलग है. इसे हर क्षेत्र में वहां के लोगों की पसंद व स्वाद के हिसाब से परोसा जाता है. पानी पुरी व उसके मसाले के कई प्रकार होते है और आप इसे अपनी पसंद और टेस्ट के हिसाब से खा सकतें हैं।

# सौंध ने लॉन्च किया 27वां एक्सक्लुज़िव आउटलेट

- **अम्बुजा मॉल ने किया सौंध के कलात्मक आकर्षण एवं बेजोड़ लक्ज़री का स्वागत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** रोज़मर्रा के लिए महिलाओं के परिधान लाने वाले किफ़ायती- लक्ज़री ब्राण्ड सौंध ने रायपुर में अपने रीटेल स्टोर का लॉन्च किया है। यह देश भर में ब्राण्ड का 27वां एक्सक्लुज़िव आउटलेट है। सौंध का यह नया स्टोर अम्बुजा सिटी सेंटर में खोला गया है, जिसे कई लक्ज़री ब्राण्ड्स के लिए शहर में जाना जाता है। स्टोर में सौंध की ओर सम्पूर्ण रीटेल कलेक्शन मौजूद है, जिसमें महिलाओं के लिए रैडी-टू-वियर परिधान जैसे कुर्ता सेट, ड्रैसेज़ एवं काफ्तान, टॉप एवं ट्यूनिक, जैकेट और फेस्टिव सेट शामिल हैं। 900 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में फैले इस स्टोर में सहज डिज़ाइन का इंटीरियर है जो ब्राण्ड के कलरफुल प्रोडक्ट्स को हाईलाईट करता है, साथ ही स्टोर की वुडन फर्नीशिंग इसे नैचुरल टच देती है। स्टोर के उद्घाटन के अवसर पर गुरप्रीत बाबरा, चेयरमैन, छत्तीसगढ़ फूड एसोसिएशन एवं सिमरन कौर बाबरा भी मौजूद रहे।

नए स्टोर के लॉन्च के अवसर पर सौंध के संस्थापक एवं सीईओ सरबजीत सलूजा, ने कहा, रायपुर बड़ी तेज़ी से मध्य भारत के फैशन हब के रूप में उभर रहा है, यहां स्थानीय हैण्डीक्राफ्ट एवं टेक्सटाईल्स को खूब पसंद किया जाता है। सौंध हमेशा से आधुनिक भारतीय महिलाओं की ज़रूरतों को पूरा करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा हैं, ऐसे में रायपुर में यह विस्तार हमारे लिए परफेक्ट है। शहर की समृद्ध कलात्मक धरोहर को देखते हुए, हम अपने लक्ज़री परिधानों को सभी के लिए सुलभ बनाएंगे। हमें विश्वास है कि हमारा यह कलेक्शन शहर की महिलाओं को खूब लुभाएगा।

अब तक सौंध सिलिगुड़ी, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और जयपुर सहित देश के 19 शहरों में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर चुका है। ब्राण्ड ने अगले 5 सालों में 200 करोड़ से अधिक के अनुमानित टर्नओवर के साथ अपने स्टोर्स की संख्या को 50 तक पहुंचाने की योजनाएं बनाई हैं।

# किआ इंडिया ने मनाया 'मेक इन इंडिया' प्रोडक्शन यूनिट का जश्न

- **भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कार निर्माता बन गई किआ**

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई नई सेल्टोस की पहली यूनिट को अनंतपुर स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाई से रोलआउट किया है। इसी के साथ ही कंपनी ने इस निर्माण इकाई से 10 लाख वाहनों को डिस्पैच करने की ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल कर ली है। साथ ही इस यूनिट से नई सेल्टोस जैसी भारत की सबसे विकसित, सुरक्षित और स्मार्ट एसयूवी के उत्पादन की भी शुरुआत हो गई है। नई सेल्टोस नए जमाने की डिजाइन और 32 सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है। इनमें 17 फीचर्स के साथ सबसे एडवांस लेवल 2 एडीएएस और बहुप्रतीक्षित पैनोरमिक सनरूफ शामिल हैं। नई सेल्टोस 14 जुलाई 2023 से भारत में प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध होगी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय बाजार के प्रति किआ की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है और इसके रणनीतिक दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाती है।

किआ की 10 लाखवीं कार को पेश करते हुए, किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ, ताए-जिन पार्क ने कहा, ÷यह हमारे लिए, हमारे कर्मचारियों के लिए और हमारे भागीदारों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिन्होंने हमारे इस सफर को जीया है और किआ को बनाने में हमारी मदद की है। आज किआ भारतीय उपभोक्ताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। हम उनके समर्थन और अपने ग्राहकों के प्यार के लिए बेहद आभारी हैं। मुझे लगता है कि किआ इंडिया का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। नई सेल्टोस हमारे लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस नए प्रोडक्ट के साथ हम भारतीय बाजार में ऑटोमोटिव उत्कृष्टता की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम इनोवेशन को आगे बढ़ाने, अपना विस्तार करने और भारत में मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे।

# एशिया कप को लेकर बड़ा अपडेट हाइब्रिड मॉडल पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** एशिया कप को लेकर इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं. दरअसल लंबे विवाद और कई बैठकों के बाद बीसीसीआई और पीसीबी दोनों ने मतभेदों को दूर करने का फैसला किया है. दोनों देश के बोर्ड आगामी एशिया कप 2023 के मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल के इस्तेमाल पर सहमत है.

जिसके चलते भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा. भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी. आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ना तो भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी और ना ही कोई टीम का सचिव. धूमल ने कहा कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की गुरुवार को होने वाली

आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई. जिसमें इसपर फैसला लिया गया हैं.

धूमल ने कहा कि शाह और अशरफ की मुलाकात में इसको अन्तिम रूप दिया गया हैं. हालांकि ये बात पहले ही साफ हो चुकी थी कि भारत एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जायेगा जिसे इस मुलाकात में सहमती मिल चुकी हैं. ऐसे में पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे. इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है. दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वो भी श्रीलंका में ही होगा।

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरी अय्यर ने शुरू की प्रैक्टिस

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया की मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले भारत को एक बड़ी खुशखबरी मिलती नजर आ रही हैं. दरअसल लंबे समय से चोटिल चल रहे श्रेयस अय्यर ने प्रैक्टिस शुरू कर दी हैं. अय्यर नेट में बल्लेबाजी करते देखे गये. खिलाड़ी का वर्ल्ड कप से पहले नेट में अभ्यास करना टीम इंडिया के लिए राहत की बात साबित हो सकती हैं.

अय्यर ने कुछ वक्त पहले ही सर्जरी करवाई थी. अपनी बैक इंजरी से परेशान श्रेयस अय्यर अब रिकवरी और वापसी की राह पर दिख रहे हैं. अय्यर ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में अभ्यास शुरू किया है. अय्यर के साथ मौजूदा वक्त में केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ी अपनी इंजरी के चलते टीम इंडिया से दूर चल रहे हैं. ऐसे में अय्यर की वापसी टीम के लिए बड़ा रिलीफ साबित हो सकती है. भारतीय टीम को अक्टूबर-नवंबर में खेले जाने वाले वनडे विश्व कप से पहले एशिया कप भी खेलना है. हालांकि उनका एशिया कप में वापसी करना तो मुश्किल नजर आ रहा हैं लेकिन प्रैक्टिस पर लौटने के बाद उम्मीद जतायी जा रही हैं कि अय्यर वर्ल्ड कप में वापसी कर सकते हैं. वहीं अय्यर की वापसी टीम के लिए इसलिए भी खास रहने वाली हैं. क्योंकि फिलहाल भारत के पास नंबर 4 को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पा रहीं हैं कि आखिर किस खिलाड़ी को इस जगह पर खिलाया जाये. क्योंकि टीम के पास नंबर 4 को लेकर कोई खिलाड़ी भी सेट नहीं हैं. ऐसे में अय्यर की वापसी टीम के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

# एशियाई खेलों की तैयारी के लिये अहम है जर्मनी, स्पेन दौरा: सविता

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा कि उनकी टीम आगामी जर्मनी और स्पेन दौरे को हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के मौके के रूप में देख रही है । टीम पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिये जर्मनी जायेगी जहां मेजबान जर्मनी के अलावा चीन से भी खेलना है ।इसके बाद स्पेन के टेरासा में 25 जुलाई को मेजबान से, 27 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका और 28 जुलाई को इंग्लैंड से खेलना है ।सविता ने जर्मनी रवाना होने से पहले कहा,'' हमें इस दौरे का इंतजार है । एशियाई खेलों से पहले अच्छी टीमों का सामना करने से काफी कुछ सीखने को मिलेगा ।''उन्होंने कहा ,'' ये मैच काफी अहम हैं क्योंकि हम एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं । पिछले कुछ महीने में हमने अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम किया है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे ।''एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक खेले जायेंगे ।

छत्तीसगढ़ महतारी
गोधन न्याय योजना
अब तक गोबर खरीदी - 123.56 लाख क्विंटल
हितग्राहियों को अब तक भुगतान - 507.14 करोड़
समितियों और महिला समूहों को भुगतान - 244.95 करोड़
जैविक खाद का उत्पादन - 36.30 लाख क्विंटल
छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना
संवाद - 36779
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in